डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 20 | अंक : 02 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 10 फ़रवरी से 16 फरवरी 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर पाठकों को दिली मुबारकबाद।

रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़ें पेज 5

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने भाजपा से परहेज नहीं रखा

**- मुसलमानों ने आप, कांग्रेस, भाजपा एवं एमआईएम सबको वोट दिया**

**- यदि मुसलमान सिर्फ भाजपा को हराने के लिए वोट देता तो परिणाम कुछ और होते**

**- मुसलमान समुदाय अब कथित सेक्युलर दलों के झांसे में नहीं आना चाहता है**

**एम. खान**

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार स्पष्टरूप से यह बात निकलकर सामने आई कि मुसलमानों ने इस बार सिर्फ भाजपा को हराने के लिए वोट नहीं किया बल्कि उन कथित सेक्युलर राजनीतिक दलों को भी हराने का काम किया है जो भाजपा को मुस्लिम विरोधी बता कर मुसलमानों का वोट थोक के भाव में लेकर राजनीति करते हैं। यह कथित सेक्युलर दल कभी भी मुसलमानों के विकास, शिक्षा एवं रोजगार की बात नहीं करते हैं लेकिन वोट मुसलमानों के लेकर राजनीति करते हैं। दिल्ली में मुसलमानों ने भाजपा सहित सभी पार्टियों को वोट दिए। दिल्ली का मुसलमान कम ज्यादा सभी पार्टियों से नाराज दिखाई दिया। यही कारण है कि भाजपा के ज्यादातर उम्मीदवार मामूली अंतर से चुनाव जीतते दिखाई दिए। यदि दिल्ली का मुसलमान सिर्फ भाजपा को हराने के लिए वोट देता तो दिल्ली विधानसभा के परिणाम कुछ और होते। इसका सीधा सा मतलब है कि मुसलमान भी अब भाजपा को हराने के लक्ष्य से पीछे हटने लगा है।

**मुस्तफाबाद विधानसभा सीट :-** दिल्ली की मुस्तफाबाद विधानसभा सीट जो मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है। जहां 60% से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं। लेकिन इस सीट से भाजपा के मोहन विष्ट ने जीत दर्ज की है। मोहन विष्ट को 85215 वोट मिले और मुस्लिम उम्मीदवार अली मेहंदी को करीब 68000 वोट मिले। यहां मुसलमानों ने एमआईएम, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भाजपा सभी पार्टियों के उम्मीदवारों को वोट दिए। इसी कारण भाजपा उम्मीदवार मोहन विष्ट को आसान जीत हासिल हो सकी। इसी तरह दिल्ली के मुसलमानों ने करीब-करीब सभी सीटों पर ऐसा ही व्यवहार किया है। दिल्ली के मुसलमानों ने देश की कथित से सेक्युलर पार्टियों को संदेश दिया है कि भाजपा को हराने का ठेका सिर्फ मुसलमानों का नहीं है। यदि मुसलमानों का वोट लेना है तो उपनी शिक्षा, रोजगार एवं विकास की बात करनी होगी। यदि भाजपा भी मुसलमानों की शिक्षा, रोजगार एवं विकास की बात करेंगी तो मुसलमान भाजपा को भी वोट दे सकते हैं। देश का मुसलमान बार-बार कथित सेक्युलर दलों के झांसे में आकर भाजपा का विरोध शुरू कर देता है।

वैसे भी भाजपा देश में अपने पैठ देश में मजबूती से बना चुकी है। मुसलमानों को भाजपा का विरोध छोड़कर अपने समुदाय की शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर फोकस करना चाहिए और जो दल मुसलमानों के विकास की बात करें उसे समर्थन की सोचनी चाहिए।

# भाजपा की बी-टीम कौनसा राजनीतिक दल है ?

**- एमआईएम, बसपा के बाद अब कांग्रेस पर लगे भाजपा को जिताने के आरोप**

**मुन्ना खान**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजनीति में कौन किसका हितैषी है और कौन किसका दुश्मन है यह आसानी से पता नहीं चल पाता है। क्योंकि ज्यादातर पार्टियों ऐसा आभास करवाती हैं कि वह मजबूती से चुनाव में है और जीत कर जनता की खिदमत करेगी। देश की राजनीति में अब एक चलन चलने लगा है कि यदि स्वयं जीत नहीं सकते हैं तो दूसरी किसी पार्टी को हरा दिया जाए, जिससे भविष्य में उसको राजनीति में फायदा मिल सके। शुरुआत में भाजपा ने कांग्रेस को हराने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय दलों का पीछे रहकर सपोर्ट किया। जिससे कांग्रेस को कमजोर किया जा सके। क्योंकि भाजपा में उस समय इतनी ताकत नहीं थी जो कांग्रेस पार्टी को चुनाव में सामने आकर हरा दे। नतीजन कांग्रेस विभिन्न राज्यों में कमजोर होने लगी और जब तक काँग्रेस की समझ में आया तब तक वह केंद्रीय सत्ता से बाहर हो गई। लंबे समय तक शासन करने के कारण उसके नेता और कार्यकर्ता खुदगर्ज, भ्रष्ट एवं आलसी हो गए। इसलिए कांग्रेस जमीन पर कमजोर पार्टी बन गई। इसी तरह उत्तर प्रदेश में तीन बार सत्ता में रही बसपा किसी न किसी पार्टी से गठबंधन करके सत्ता में आती रही। बसपा का वोट बैंक दलित और मुस्लिम समुदाय बन गया। लेकिन बसपा अपने वोट बैंक को संभाल नहीं पाई और चुनाव में हारने लगी। जब बसपा को लगा कि वह चुनाव में जीत नहीं सकती है तो उसने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हराने के लिए अभियान करीब करीब सभी चुनाव में चलाया। जिसका भाजपा को बड़ा फायदा मिला। बसपा दूसरे दलों को हराने वाली पार्टी बन गई। धीरे-धीरे उसकी ऐसी हालत होने लगी कि वह जीत तो नहीं सकती है लेकिन किसी को हराने के काबिल भी नहीं रही। इस सब के बाद भी बसपा नेतृत्व एवं संगठन में बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

इसी तरह एआईएमआईएम पार्टी के अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने किया। एआईएमआईएम पार्टी को कांग्रेस पार्टी,सपा ,बसपा तृणमूल काँग्रेस, रांकापा और आम आदमी पार्टी नेता भाजपा की बी टीम कह कर प्रचारित करती है, क्योंकि भाजपा के दर्जनों उम्मीदवार विधानसभाओं और लोकसभा में एआईएमआईएम पार्टी के उम्मीदवारों के कारण चुनाव जीत जाते हैं। वैसे इस बात के कोई सबूत तो नहीं है कि भाजपा और ओवैसी के बीच छुपा हुआ तालमेल है लेकिन ओवैसी की पार्टी के कारण भाजपा को फायदा जरूर मिल जाता है। सांसद ओवैसी सेक्यूलर दलों से हमेशा नाराज रहते हैं। उनका नाराज रहना सही भी हो सकता है क्योंकि कोई भी सेक्यूलर दल सांसद ओवेसी की पार्टी से चुनाव में गठबंधन नहीं करता है और ओवैसी उन दलों के उम्मीदवारों को मुस्लिम वोटो में बंटवारा करके हरवाते हैं। यही काम हरियाणा विधानसभा में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को हरवा कर किया था। देश में और कई उदाहरण भी हैं जिनके कारण कई राजनीतिक दल स्वयं नहीं जीतते हैं। लेकिन दूसरे दल को जरूर हरवा देते हैं। लेकिन एक बात आम है कि विपक्षी दलों में आपसी फूट का फायदा भाजपा को ही मिलता है और मिलता रहेगा। क्योंकि भाजपा अब देश की मजबूत, संघठित और एक्टिव कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो भाजपा देश में 50 वर्षों तक और शासन कर सकती है। भाजपा के बड़े लीडर और गृह मंत्री अमित शाह कई बार कह भी चुके हैं कि भाजपा 50 वर्ष तक देश से कही जाने वाली नहीं है। अब यह सवाल है कि भाजपा की बी टीम कौन सी पार्टी है? इसका जवाब यही हो सकता है कि विपक्ष के ज्यादातर राजनीतिक दल जाने अनजाने में भाजपा की बी टीम है।

# उर्दू शिक्षकों के साथ भेदभाव का मामला ?

**- जयपुर के 9 स्कूल काउंसलिंग से बाहर**


For Sale
1,2,3,4 BHK फ्लैट्स ,
मोती डूंगरी रोड ,आदर्शनगर ,
नाना जी की हवेली, फ़तेह टीबा
& near by location
Contact - 8386947005



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में द्वितीय श्रेणी उर्दू शिक्षकों की प्राध्यापक पद पर पदोन्नति के लिए हाल ही में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन इस प्रक्रिया में जयपुर के 9 विद्यालयों को शामिल नहीं किया गया। इससे उर्दू शिक्षकों में असंतोष फैल गया है, क्योंकि इन स्कूलों में सैकड़ों छात्र उर्दू विषय पढ़ रहे हैं। अन्य विषयों के शिक्षकों को जयपुर सहित प्रमुख शहरों में नियुक्ति के विकल्प मिले हैं, लेकिन उर्दू विषय के पद केवल जोधपुर और दूरदराज के इलाकों में ही उपलब्ध कराए गए। इस भेदभावपूर्ण रवैये से नाराज उर्दू शिक्षकों ने सरकार से इस मामले में सुधार की मांग की है। रकमा के प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद ने बताया कि जयपुर में उर्दू विषय के 9 पद वर्षों से रिक्त हैं, बावजूद इसके, इन्हें काउंसलिंग में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य विषयों के रिक्त पद जयपुर में दर्शाए गए हैं, तो उर्दू शिक्षकों के साथ भेदभाव क्यों? उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन 9 विद्यालयों को काउंसलिंग सूची में शामिल किया जाए, ताकि उर्दू शिक्षकों को भी समान अवसर मिल सके। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस पर क्या निर्णय लेता है। पहले भी हो चुका है उर्दू विद्यालयों को मर्ज करने का विरोध इससे पहले राजस्थान सरकार द्वारा उर्दू माध्यम के विद्यालयों को हिंदी या अंग्रेजी में मर्ज करने के फैसले के खिलाफ जोधपुर और अजमेर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उर्दू शिक्षकों कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता और अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस फैसले का विरोध किया था। वहीं शिक्षकों और अभिभावकों का मानना है कि सरकार का यह कदम न केवल शिक्षा पर बल्कि सांस्कृतिक पहचान और भाषाई अधिकारों पर भी असर डालेगा। अगर सरकार ने जल्द इस मुद्दे का समाधान नहीं निकाला, तो यह मामला सामाजिक और राजनीतिक विवाद का रूप ले सकता है।

# "विद्यार्थी दूसरों से प्रतिस्पर्धा की बजाय खुद को बनाएं बेहतर" - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 8वें संस्करण में विद्यार्थियों के साथ तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जयपुर के मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुना। देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने उनको परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और टाइम मैनेजमेंट के उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि वे परीक्षा का तनाव महसूस न करें तथा अपने लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने की बजाय खुद को प्रेरित करते हुए बेहतर बनाने का प्रयास करें क्योंकि जो खुद से स्पर्धा करता है, वह जीवन में कभी भी पीछे नहीं रहता। हमें हमारी विफलताओं से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में अच्छे नंबर लाना उतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना निरंतर ज्ञान अर्जित करना है।

जीवन में समय प्रबंधन महत्वपूर्ण— प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अपने अध्ययन तथा अन्य कार्यों की समय सारणी बनाकर समय का सदुपयोग करते हुए उन्हें सम्पादित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तनाव से उबरने में ध्यान और योग बहुत उपयोगी है। नियमित योगाभ्यास से तनाव दूर होने के साथ ही कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। पीएम ने बच्चों को परीक्षा में प्रश्न पत्र को हल करने संबंधी टिप्स भी दीं।

लोगों का विश्वास जीतना लीडर का गुण — मोदी ने लीडरशिप पर बात करते हुए कहा कि एक अच्छे लीडर को खुद में सकारात्मक बदलाव कर अन्य लोगों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम वर्क, धैर्य, जरूरतमंदों की मदद और लोगों का विश्वास जीतना भी एक नेतृत्वकर्ता का महत्वपूर्ण गुण है।

# मुस्लिम मसाइल पर हमारे विधायकों की जबान खामोश रहती है: मुजाहिद नकवी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मिल्ली काउंसिल राजस्थान के महासचिव एडवोकेट मुजाहिद नकवी ने कांग्रेस के पांच विधायकों पर विधानसभा में मुस्लिम मसाइलों पर नहीं बोलने का आरोप लगाया है। एडवोकेट मुजाहिद नकवी ने कहा कि मुस्लिम मसाइल पर हमारे विधायकों की जबान खामोश रहती है। मुस्लिम विधायक जो मुसलमानों के वोट से जीत कर आते हैं और मुसलमानों की नुमाइंदगी करते लेकिन विधानसभा में मुस्लिम समस्याओं के बारे में नहीं बोलते हैं। मुस्लिम विधायकों का विधानसभा में बोलने का रिकार्ड बताता है कि इन्होंने मुस्लिम शिक्षा, रोजगार, उर्दू, मुस्लिम क्षेत्रों में गंदगी, नशा खोरी एवं वक्फस पर नहीं बोला। नकवी का कहना है कि मुस्लिम मसाइल बहुत है लेकिन विधायकों को नजर नहीं आ रहे हैं। उनका कहना है कि बड़े अफसोस की बात है कि अपने ही लीडर मुस्लिम मसाइलों पर विधानसभा में बोलने से परहेज कर रहे है।

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





सचिव : अब्दुल मजीद

ब्राइट फ्लॉवर्स सैकंडरी स्कूल
इस्लामिया एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित

49-बी, मदीना मस्जिद रोड़, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर
जयपुर 302016, मो. न. 9414888267, 9414371810
मेल आईडी -brightflowerssec1978@gmail.com
वेबसाईट - islamiyaeducationalsociety.com

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



DR. ASHAMUDDIN
BUMS, MA

HONEY HOSPITAL
A-92, GOVIND PURI EAST, KARBALA CHAURAHA
RAMGARH MOD, JAIPUR - 302002
MOB. 9414238495

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
दिली मुबारकबाद



आरिफ मोहम्मद

प्रदेश प्रवक्ता : अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान




हिंदुस्तान फाल्कन इंटरनेशनल स्कूल



मोहम्मद आसिफ खान

डायरेक्टर : हिंदुस्तान फाल्कन इंटरनेशनल स्कूल

# सांगानेर की फिज़ा में जहर घोलने की नाकाम कोशिश



**सादिक हिन्दस्तानी**

सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर की गंगा-जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान को कुछ लोग बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से अतिक्रमण हटाने के नाम पर शहर में एक तनावपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन इंचार्ज मुनीद्र सिंह की सूझबूझ और तत्परता से इस प्रयास को विफल कर दिया गया। लगभग छह महीनों से सांगानेर में अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी था। हालांकि, यह अभियान बिना किसी ठोस योजना और नियम के चलाया जा रहा था। जेडीए की टीम बिना किसी पूर्व जानकारी और ठोस निर्देश के अतिक्रमण हटाने के लिए आती थी, जिसके कारण माहौल में भय और असमंजस फैल रहा था। खासतौर पर अंडे, मांस, और मछली की दुकानों पर दबाव बढ़ा था, जिससे दुकानदारों में तनाव और डर का माहौल था। हाल ही में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा की शिकायत पर नगर निगम, पशु चिकित्सा और जेडीए की टीम बिना पुलिस को सूचित किए आई और दुकानों पर चालान करना शुरू कर दिया। जैसे ही दुकानदारों ने विरोध किया और माहौल गरम होने लगा, थाना मालपुरा गेट के इंचार्ज मुनीद्र सिंह को सूचना मिली। उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और सूझबूझ से माहौल को शांत किया, जिससे एक बड़ी अप्रिय घटना को टाला जा सका।

# हस्तेडा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। हस्तेडा ग्राम पंचायत में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण गोविंदगढ़ महिला बाल विकास परियोजना की अधिकारी मनोरमा शर्मा और उनकी टीम ने किया। यह औचक निरीक्षण आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली और बच्चों की देखभाल की स्थिति का जायजा लेने के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों को दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया। दूध के पैकेट्स और चालानों की जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को समय पर और उचित मात्रा में दूध मिल रहा है। इसके अलावा, बच्चों के अभिभावकों से बात की गई और यह पता लगाया गया कि वे केंद्र की सेवाओं से संतुष्ट हैं या नहीं। अधिकारियों ने केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों के बारे में जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों का टीकाकरण समय पर हो रहा है। स्थानीय एएनएम (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) से भी टीकाकरण की स्थिति पर सवाल किए गए और उन्हें निर्देश दिया गया कि वे इसे समय पर पूरा करें। निरीक्षण के दौरान, बच्चों से विभिन्न गतिविधियों भी करवाई गईं, ताकि उनकी शारीरिक और मानसिक विकास की प्रक्रिया सही दिशा में चल रही हो। इस अवसर पर महिला बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक शांत सोनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।इस निरीक्षण कार्यक्रम के साथ ही ग्राम पंचायत नृसिंहपुरा में जनसुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां पंचायत के कार्यों पर चर्चा की गई और लोगों के सवालों का समाधान किया गया।

## ग़ज़ल

## हर कण मुझे दे दो ...

तुम्हारी सुरमई आंखों में चिनगारी सुलगने दो
सुलगने दो तुम्हारी देह की इच्छा ओं को खुलकर
तरसने पाऐ ना कोई भी हसरत तेरी अब छिपकर
मचलने दो तुम्हारी मौसमी इच्छाओं को जम कर

धरा पर जब गिरेगा कुछ अंधेरा आसमानों से
गुनाह की कश्तियां निकलेंगी तब इन्हीं मकानों से
कोई उधड़ा हुआ साया मिलेगा रात के दिल पर
सुबह नज़रें उठेगीं बस तुम्हारे गाल के तिल पर

ना बहको रुक भी जाओ ज़िद तुम्हारी हद से न गुज़रे
ज़रा देखो के कितने हादसे हैं वक़्त पर बिखरे
तरलता पांव की ले जाएगी तुम को बहा कर तो
तुम्हें ये ज़िन्दगी हर मोड़ पर देगी फक़त फिकरे

तो आओ यह जो मेरे नाम की चादर है तुम ले लो
तुम्हारी चांदनी सी देह का हर
कण मुझे दे दो, हर कण मुझे दे दो

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवानिवृत्त)**
**मो.98286 68877**

# छात्र सुरक्षा: अनदेखी कब तक ?

**- पूर्व पार्षद राजेश वर्मा ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में अनिवार्य छात्र दुर्घटना बीमा योजना लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्मा ने बताया कि स्कूल बस दुर्घटनाओं, खेल-कूद के दौरान लगने वाली चोटों और अन्य हादसों के मद्देनज़र सरकार को छात्र सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस योजना में राज्य सरकार एवं विद्यालयों की संयुक्त भागीदारी हो, जिसमें बीमा प्रीमियम का कुछ हिस्सा सरकार तथा कुछ हिस्सा विद्यालय प्रशासन वहन करे। योजना के तहत, दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु, अपंगता या गंभीर चोट पर प्रभावित छात्रों को आर्थिक सहायता व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मांग की कि सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में नामांकन के समय दुर्घटना बीमा अनिवार्य किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने मुख्यमंत्री से अनिवार्य छात्र दुर्घटना बीमा योजना को छात्रों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए प्राथमिकता देने कि अपील की।इस मौके पर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण सैनी, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव घनश्याम बुटोलिया, समाजसेवी छीत्तमल बबेरवाल (बाबूजी) भी उपस्थित थे।

# अपने गुरु के मुख से श्रीकृष्ण बाललीला प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए सेवानी

**- कथावाचक गुरु के पैर छूकर लिया आशीर्वाद**



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। शहर के सब्जी मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला सत्यनारायण मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पांचवें दिन गुरुवार को नन्दोत्सव, श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग झांकी सजाई गई। गुरूवार को सेवानी ग्रुप ऑफ कम्पनीज के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सेवानी भी कथा श्रवण हेतु पहुंचे जंहा पर उन्होंने करीब घंटे भर तक कथा का श्रवण किया। सेवानी ने इस अवसर पर कथावाचक पंडित रामबाबू शास्त्री का शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने सेवानी की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि हमेशा ही सेवाभावी रहे और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेते है। इनकी सेवाभावी प्रवृति ही इनके व्यक्तित्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सेवानी आज अपने पिता का नाम रोशन कर रहे है पुत्र हो तो ऐसा। वही सेवानी ने कहा कि रामबाबू जी मेरे बचपन के गुरु है। आज उनका व्यास पीठ पर सम्मान करने का सौभाग्य मिला है। अपने गुरु के मुख से श्रीकृष्ण बाललीला का प्रसंग सुन सेवानी भाव विभोर हो गए। वही सेवानी का कथा आयोजक सत्यनारायण सर्राफ एवं उनके पुत्र यज्ञ दत्त सर्राफ द्वारा पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान सर्राफ परिवार ने गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई। कथा के दौरान नंद उत्सव में महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर नंद उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। कथा आयोजक सत्यनारायण व अंबिका प्रसाद सर्राफ ने श्रीमद् भागवत पोथी की महा आरती की। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार की कथा में मथुरा आगमन, कंस उद्धार, श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह की कथा सुनाई जाएगी।

# सांगानेर में शुरु हुआ मदरसा, बच्चियाँ बनेंगी आलिमा



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सुभाष कॉलोनी सांगानेर में एक नए मदरसे की शुरुआत हुई है, जिसका नाम है दारुल उलूम गुलशने फातिमा लिल बनात। यह मदरसा खासतौर पर लड़कियों के लिए दीनी तालीम देने के उद्देश्य से खोला गया है। मदरसे के सदर हाजी महमूद रंगरेज ने जानकारी दी कि यह मदरसा देश के किसी भी राज्य की मां, बहन और बेटियों के लिए खुला है। यहां लड़कियों को बिना किसी फीस के दीनी तालीम दी जाएगी और मदरसे की ओर से किताबें, बस्ते, पेन, पेंसिल आदि सभी चीजें मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाएंगी। मदरसे में तीन प्रकार के कोर्स उपलब्ध होंगे पहला फर्ज उलूम कोर्स (6 महीने का), दूसरा मुबल्लिगा कोर्स (2 साल का) एवं तीसरा आलिमा का कोर्स (5 साल का) रहेगा। इस मदरसे में पढ़ाई करने वाली शिक्षिकाएँ सिर्फ आलिमा होंगी, जो छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करेंगी। हाजी महमूद रंगरेज ने उम्मीद जताई कि इस मदरसे से शिक्षा प्राप्त करने वाली हमारी बच्चियाँ आलिमा बनकर न केवल अपने माता-पिता बल्कि अपने वतन का नाम भी रोशन करेंगी। उन्होंने सभी से दुआ की दरखास्त की और कहा कि इंशाल्लाह इस मदरसे के जरिए हम कामयाबी हासिल करेंगे और लड़कियों को दीनी तालीम की ओर एक नया रास्ता मिलेगा।

# एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से माई भारत स्वयंसेवक राष्ट्र की भलाई में करें अमूल्य योगदान: अतिरिक्त जिला कलक्टर

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। माय भारत एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और समुदाय में करुणा और सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देना है। माय भारत की "सेवा से सीखें" पहल के तहत माय भारत स्वयंसेवक अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा सहायता सहित कृषि, साइबर सुरक्षा, डाक विभाग, लोकल अर्बन बॉडी में आमजन के सहयोग हेतु अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय ने माय भारत पहल के तहत "सेवा से सीखें" कार्यक्रम शुरू किया है। 17 सितंबर को शुरू की गई इस राष्ट्रव्यापी स्वयंसेवी पहल का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करना है, साथ ही अस्पतालों में मरीजों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे युवा माय भारत स्वयंसेवक हमारे राष्ट्र की भलाई में अमूल्य योगदान कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे है।

युवाओं को ऐसे सार्थक काम में शामिल करके, "सेवा से सीखें" कार्यक्रम से सेवा और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल की सफलता के दीर्घकालिक प्रभाव होंगे, सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिको की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा मिलेगा और सार्वजनिक सेवा के महत्व को मजबूत किया जाएगा।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकार हर्षित खण्डेलवाल ने बताया की इच्छुक 15 से 29 वर्ष आयु के युवाओं को एक्सपेरेंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत चिकित्सा विभाग, कृषि क्षेत्र में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, केवीके, नगर पालिका एवं नगर परिषद इत्यादि के साथ प्रथम चरण में जोड़ा जा रहा है। युवाओं को लगभग एक वर्ष के समय में, युवा की समय सुविधानुसार 120 घंटे के एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत विभागीय गतिविधियों से रूबरू कराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री के सेवा से सीखे विजन अनुसार, युवा स्वयंसेवक आमजन व विभाग का सहयोग करेंगे।

गौरतलब है कि इसी प्रकार की एक्सप्रेंशियल लर्निंग प्रोग्राम जनवरी माह में ट्रैफिक पुलिस व सितंबर माह में भी एक माह के लिए मेडिकल विभाग के साथ युवाओं ने किया था। आवेदन के लिए युवा को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल बना कर सवाई माधोपुर जिले की एक्सप्रिंशियल लर्निंग टैब में एप्लाई करना होगा।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को माय भारत किट दी जाएगी एवं प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए युवा नेहरू युवा केंद्र सवाई माधोपुर कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम बैरवा, स्काउट सचिव महेशसेजवाल, डिप्टी सीएमएचओं डॉ. अमित सोनी, डीडीएम नाबार्ड पुनीत हरित, एएलडीएम रानू चांदना, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी पंकज मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आखिर कब तक लीज पर चलता रहेगा मालपुरा गेट पुलिस थाना ?

**- क्या इस बजट से सांगानेर को मिलेगी राहत ?**

**सादिक हिन्दस्तानी**




जयपुर (रॉयल पत्रिका), सांगानेर, जयपुर जिले की पुरानी तहसील है, जो धीरे-धीरे जयपुर शहर का हिस्सा बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इस बार ऐसा लगता है कि यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है, क्योंकि सांगानेर के विधायक भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सांगानेर की जनता को काफी उम्मीदें हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस बार वादों को धरातल पर उतारा जाएगा?

सांगानेर में कई समस्याएं हैं, जिनका समाधान बेहद जरूरी है। इनमें सरकारी अस्पताल की हालत, सब्जी मंडी का स्थानांतरण, पोस्ट ऑफिस और तहसील का स्थानांतरण, सिटी बस स्टैंड का पुनर्निर्माण, पार्किंग की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, रेलवे स्टेशन का विकास, मेट्रो रेल की शुरुआत, और एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी योजनाएं शामिल हैं। हालांकि, इन घोषणाओं के बावजूद, सांगानेर के विकास की गति बहुत धीमी रही है।

इन समस्याओं के बीच एक गंभीर मुद्दा है मालपुरा गेट पुलिस थाना, जो वर्षों से लीज पर चल रहा है और उसकी अपनी कोई जमीन नहीं है। यह थाना अपनी सीमित जगह पर काम कर रहा है और इसके पास संसाधनों की भारी कमी है। सहायक पुलिस आयुक्त विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह थाना अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी से निभा रहा है, बावजूद इसके कि यहां किसी भी प्रकार की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। रिसेप्शन हाल, इंचार्ज का बड़ा कार्यालय, और एक उपयुक्त कैदी ग्रह जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। थाना भवन में जगह की कमी के कारण, वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए भी कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। इतना ही नहीं, थाना भवन में टीन सेट की छत है, जो गर्मी में तपती है और बरसात में रिसती है। थाने के कर्मचारियों को इन कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। बावजूद इसके, वे अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। सांगानेर की जनता इस थाने के स्टाफ की मेहनत और देशभक्ति को सलूट करती है और मुख्यमंत्री से निवेदन करती है कि मालपुरा गेट पुलिस थाने को जल्द ही अपनी भूमि मिलनी चाहिए, ताकि थाने का विकास किया जा सके और यहां की पुलिस सुविधाजनक तरीके से जनता की सेवा कर सके। क्या इस बार बजट से सांगानेर को कुछ राहत मिलेगी? यह देखना दिलचस्प होगा, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि यदि प्रशासन ने सही दिशा में कदम नहीं उठाए तो सांगानेर के विकास की राह पर एक और साल रुकावट आ सकती है।

# प्रभाशंकर उपाध्याय के व्यंग्य संग्रह इनविजिबल इडियट का विमोचन




सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। सूचना केंद्र में सवाई माधोपुर के सांस्कृतिक - साहित्यिक मंच 'बतलावण' के तत्वाधान में 8 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर के व्यंग्यकार कथाकार प्रभाशंकर उपाध्याय की पुस्तक इनविजिबल इडियट का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्याति नाम कवि राधेश्याम अटल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि देश के सुप्रसिद्ध हास्य कवि गोपीनाथ चर्चित गंगापुर सिटी थे। विमोचन समारोह में वरिष्ठ कवि ताऊ शेखावाटी ने भी शिरकत की। उल्लेखनीय है कि प्रभाशंकर उपाध्याय जी की यह सातवीं पुस्तक है। इससे पहले उनकी नाश्ता मंत्री का, गरीब के घर, काग के भाग बड़े, यादों के दरीचे, बेहतरीन व्यंग्य, बहेलिया (उपन्यास), चुनिंदा व्यंग्य प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवसर पर उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं रचना शैली पर सवाई माधोपुर के ख्यातनाम कवि विनोद पदरज, पुस्तक की रचनाओं पर बात करते हुए कवि प्रभात ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरों से आगाह किया। चिंतक डॉक्टर रमेश वर्मा ने उपाध्याय की रचना धर्मिता पर बात की। वरिष्ठ कवि शिव योगी ने लेखक के साथ एक पुराना संस्मरण साझा किया। जिला न्यायालय के प्रोटोकॉल एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण शर्मा ने 'नाश्ता मंत्री का गरीब' व्यंग्य कथा का स्मरण करते हुए लेखक के साथ अपने अनुभव बताए। अध्यक्षीय उद्बोधन में राधेश्याम अटल ने व्यंग्य, तंज कटाक्ष व हास्य के अंतर्विभेद को स्पष्ट करते हुए कहा कि पुस्तकों की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं होगी भले ही वर्तमान में मोबाइल का चलन ज्यादा है पर हमें पुस्तकों की ओर ही लौटना पड़ेगा। विशिष्ट अतिथि गोपीनाथ जी चर्चित ने उपाध्याय जी के बचपन से जुड़े संस्मरणों को सुनाया। कार्यक्रम में इंटेक के को-ऑर्डिनेटर पदम खत्री, प्रधानाचार्य, दिलीप शर्मा जिला अध्यक्ष निजी स्कूल संस्थान, चंदा राजावत, सुप्रसिद्ध चित्रकार सुनीता, शशि, चंद्रशेखर शर्मा, राजेश शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राम गोपाल गुणसारिया सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन लघुकथा लेखक व जिला न्यायालय सवाई माधोपुर में वरिष्ठ मुंसरिम के पद पर कार्यरत अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया।

# सांसद मुरारी लाल मीणा का चौमूं में भव्य स्वागत

**- कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संसद भ्रमण का मिला आमंत्रण**

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं दौसा लोकसभा सांसद मुरारी लाल मीणा का बुधवार को चौमूं में आगमन पर पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। सांसद मीणा एनएच-52 स्थित एक निजी रिसॉर्ट में राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरालाल इंदोरा एवं श्रीगंगानगर सांसद कुलदीप इंदौरा यहां विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे।

**सांसद मीणा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संसद भ्रमण के लिए दिया आमंत्रण**

इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने सांसद मुरारी लाल मीणा से चौमूं के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लोकसभा की कार्यवाही देखने का अवसर प्रदान करने का निवेदन किया। इस पर सांसद मीणा ने कार्यकर्ताओं को संसद भ्रमण के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि वे जल्द ही इसकी व्यवस्था करेंगे। इस दौरान समाजसेवी छीत्तमल बबेरवाल (बाबूजी), पृथ्वीराज जलुथरिया, ओमप्रकाश राणा, बनवारी लाल



खन्ना, रणवीर राणा, दिलीप राणा, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।
-संपादक

Scan Here

# ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड की इज्तेमाई गोठ का आयोजन

## - वक्फ संपत्तियों की हिफ़ाज़त और समाज सेवा का संकल्प



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वाधान में राजधानी जयपुर के कर्बला में रविवार 8 फरवरी को एक इज्तेमाई गोठ का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता अब्दुल रईस, एडवोकेट मुजाहिद अख्तर और जफर मिर्जा ने की, और मुख्य अतिथि के रूप में बोर्ड के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीस अहमद कुरैशी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बोर्ड के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिले और विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, साथ ही जयपुर शहर की प्रमुख हस्तियों और समाज के मोअज्जिज लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए बोर्ड के विचारों और उद्देश्यों को समाज के समक्ष रखा गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और उनके संरक्षण को सुनिश्चित करना था, और वक्फ संपत्तियों के गलत उपयोग (खुर्दबुर्द) को रोकने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में प्रगति के लिए भी अहम कदम उठाने की बात की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में बोर्ड के सदस्य मुईनुद्दीन नारू, माजिद पठान, मेहराजुद्दीन कुरैशी, जुनेद अख्तर और आसिफ़ का योगदान महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम का समापन प्रदेश प्रवक्ता शाहनवाज लाला ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया, और मंच संचालन भी उन्होंने ही किया।

# “बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ”: इनाया ख़ान की कहानी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जब एक नन्हीं बच्ची के मासूम सवाल समाज को झकझोर देते हैं, तो यही वो पल होते हैं जब बदलाव की शुरुआत होती है। पांच साल की इनाया ख़ान, जिनकी मासूमियत में समाज के बड़े मुद्दों को समझने की गहरी समझ थी, ने समाज में बेटियों के अधिकारों, गरीबी, और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर सवाल उठाए, जो आज पूरे देश में चर्चा का विषय बन चुके हैं।

मासूम सवाल, समाज का आईना

इनाया का सवाल बहुत ही सरल था, लेकिन उस सवाल ने उसके आसपास के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। एक सर्द सुबह, जब वह अपने घर के आँगन में खेल रही थी, उसने अपनी माँ से पूछा, “माँ, लड़कियाँ बोझ क्यों होती हैं? लोग उन्हें जन्म से पहले या बाद में मार क्यों देते हैं? क्यों उन्हें कचरे के ढेर में फेंक दिया जाता है?” यह सवाल न केवल उसकी माँ, बल्कि पूरे समाज के लिए एक कड़ी चुनौती बन गया।

सफ़र की शुरुआत

इनाया का बचपन सामान्य बच्चों जैसा था, लेकिन उसकी मासूमियत में समाज के बड़े सवालों पर सोचने की क्षमता छिपी थी। उसने अपने सवालों के जवाब ढूंढ़ने की कोशिश शुरू कर दी। पाँच साल की उम्र में ही उसने “बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ” अभियान का महत्व समझ लिया और इसे पूरे समाज में फैलाने की ठान ली।

राज्य स्तरीय सम्मान और जिम्मेदारी

इनाया के सवालों और उसके प्रयासों ने राजस्थान सरकार का ध्यान खींचा। उसकी मेहनत और समाज के लिए उसके जुनून को देखते हुए, राजस्थान सरकार ने उसे “बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ” अभियान का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया। पाँच साल की उम्र में यह जिम्मेदारी एक बड़ी उपलब्धि थी, जो यह सिद्ध करती है कि समाज में बदलाव लाने के लिए उम्र की नहीं, केवल दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत होती है।

समाज को जागरूक करने वाली पहल

इनाया के सवाल और उसकी मासूम आवाज़ ने न केवल बेटियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि उसने नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, और चाइनीज़ मांझे के खतरों जैसे मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई। वह हमेशा यह सवाल उठाती, “पापा, गरीबों को खाना क्यों नहीं मिलता?” उसकी आवाज में इतनी ताकत थी कि हर कोई उसकी बातों को सुनने और सोचने पर मजबूर हो जाता।

सम्मान और प्रेरणा का सफर

इनाया के प्रयासों की सराहना सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि देशभर में हुई। बॉलीवुड के प्रसिद्ध हस्तियों जैसे जावेद अख्तर, शबाना आज़मी, गुलज़ार साहब और उषा उथप ने भी उसकी कड़ी मेहनत की सराहना की। राजस्थान सरकार ने उसे राज्य स्तरीय “इंदिरा महिला शक्ति अवार्ड” से सम्मानित किया। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जैसे प्रमुख मंचों पर भी उसकी विचारशीलता को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली।

नया सपना, नई शुरुआत

आज, तेरह साल की इनाया ने “इनाया ग्लोबल फाउंडेशन” की स्थापना की है, जो गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए काम करेगा। इनाया का सपना है कि इस पहल में समाज का हर वर्ग उसका साथ दे। उनका मानना है, “कर्म करते चलो, फल की चिंता मत करो। निस्वार्थ भाव से मदद करना ही सच्ची खुशी है।”

कहानी का संदेश

इनाया ख़ान की कहानी यह सिखाती है कि समाज में बदलाव लाने के लिए उम्र नहीं, बल्कि इरादों की शक्ति चाहिए। पांच साल की बच्ची ने अपनी मासूमियत और दृढ़ निश्चय से समाज को जगाया और बदलाव की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया। यह कहानी हमें यह प्रेरणा देती है कि हम भी अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकते हैं। “मासूमियत से मिशन तक: इनाया ख़ान का सफर” हर दिल में उम्मीद जगाता है कि बदलाव लाने के लिए बस एक छोटे कदम की आवश्यकता होती है।

# मंसूरी तेली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

## - 41 जोड़ों ने निकाह कबूल किया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजधानी के आमेर स्थित कुंडा में नटाटा रोड पर ग्रैंड वैली गार्डन में मंसूरी तेली समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 41 जोड़ों ने निकाह कुबूल कर जीवनभर के लिए पवित्र बंधन में बंधने का संकल्प लिया। तेली समाज कमेटी के अध्यक्ष हाजी अकबर चौहान ने बताया कि यह आयोजन मंसूरी समाज का दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन था, जो राजावाटी और अगवारा जिले के सहयोग से आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी मंसूरी समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और महंगी शादियों के बजाय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना था। हाजी अकबर चौहान ने कहा, “समाज को सक्षम बनाना और शिक्षा को जीवन का अहम हिस्सा बनाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। हमें महंगी शादियों पर खर्च करने की बजाय शिक्षा पर खर्च करना चाहिए ताकि समाज का हर व्यक्ति शिक्षित हो और उन्नति की ओर बढ़े। एक समाज जो शिक्षित नहीं होता, वह हमेशा पिछड़ा रहता है।” इस कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोगों ने भाग लिया और समाज में कुरीतियों का बहिष्कार करने का संकल्प लिया। हाजी चौहान ने यह भी कहा कि कुरीतियों का बहिष्कार हर समाज का दायित्व है, और यही हम सभी का फर्ज है। इस अवसर पर समाजसेवी राजाराम मील, विधायक अमीन कागजी, विधायक रफीक खान, डिप्टी मेयर असलम फारूकी एवं पार्षद पूरण चंद सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: स्टंट करने वाले 11 थार जीप और 3 स्कॉर्पियो जब्त, 7 चालक गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में स्टंटबाजी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर खतरनाक स्टंट के वीडियो अपलोड करने के लिए नियमों की अनदेखी करने वाले 11 थार जीप और 3 स्कॉर्पियो चालकों के खिलाफ करधनी पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए गाड़ियां जब्त की हैं। साथ ही, 07 चालकों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि हाल ही में कुछ नवयुवक काले शीशों वाली थार और स्कॉर्पियो जैसी गाड़ियों से स्टंट कर रहे थे और इन वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। इस तरह की गतिविधियों से आमजन को असुरक्षा महसूस होती है और यातायात नियमों का उल्लंघन होता है।

इस पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा सुरेंद्र सिंह राणावत के सुपरवीजन में थानाधिकारी करधनी सवाई सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते दो दिनों में विशेष अभियान चलाया।

इस अभियान में 11 काली थार जीप और 3 स्कॉर्पियो जब्त की गईं और 7 चालकों को धारा 107/151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया।

**जयपुर पुलिस की चेतावनी**

जयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के स्टंट न केवल गैरकानूनी हैं बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरनाक हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की लापरवाह ड्राइविंग से बचें।

# दरगाह हज़रत मीर कुर्बान अली रह. में बसन्त पेश की गई



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। संसार चंद्र रोड स्थित दरगाह हज़रत मीर कुर्बान अली रह. में अक़ीदतमंदों ने बड़े धूमधाम से बसंत पेश की। इस मौके पर हाथों में सरसों और गेंदे के फूल लिए अकीदतमंदों का जुलूस निकला, जो सूफ़ियाना बसंती कलाम गाते हुए दरगाह की ओर बढ़ रहा था। जुलूस में हज़रत सय्यद डॉ. हबीब उर रहमान नियाज़ी साहब और फ़ैज़ मियाँ नियाज़ी साहब भी मौजूद थे। यह आयोजन सभी धर्मों के लोगों की भागीदारी से विशेष रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मशहूर सूफ़ी कलाम प्रस्तुत किया गया, जिसमें “ख्वाजा मोइनुद्दीन के घर आज धाती है बसंत, क्या बन बाना और सज सजा मुजरे को आती है बसंत” जैसे गीतों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कव्वालों ने इन सूफ़ी कलामों को गाकर दरगाह में एक अद्‌त धार्मिक वातावरण बना दिया। आखिर में, सज्जादा नशीन हज़रत सय्यद डॉ. हबीब उर रहमान नियाज़ी साहब ने मुल्क और खासकर सूबे में अच्छी फसल, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। इस आयोजन ने धार्मिक सद्भावना और सूफ़ी कल्चर को और प्रगाढ़ किया, साथ ही सभी श्रद्धालुओं को एकता और शांति का संदेश दिया।

# मदरसा जामिया तय्यबा में बाल संसद का आयोजन

## - बच्चों ने सीखी लोकतंत्र की अहमियत



जयपुर। शास्त्री नगर स्थित नाहरी का नाका के मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल में सोमवार, 3 फरवरी को एक अनूठी पहल के तहत बाल संसद (चिल्ड्रन्स पार्लियामेंट) का चुनाव आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया से रुबरु कराना था। इस चुनाव में मदरसे के छह उम्मीदवारों ने भाग लिया। चुनाव से पहले, सभी छात्र-छात्राओं को मतदान का तरीका, उम्मीदवारों के परिचय और मतपत्र के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। मैजिक बस फाउंडेशन की टीम, जिसमें ईशा खंडेलवाल, कुलदीप कुमार, और नरेश बागरी ने चुनाव प्रबंधन में सहयोग किया, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में जाकर अपने विजन को साझा किया, जिनमें स्कूल की बेहतरी, शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार, और छात्र हितों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दे शामिल थे। कुल 450 मतदाताओं ने इस चुनाव में भाग लिया और अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। चुनाव के परिणामों के बाद, चार बच्चों ने जीत हासिल की और उन्हें विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। जिनमें फोजिया खानम को प्रधानमंत्री, खुशबू को स्वास्थ्य मंत्री, अली को शिक्षा मंत्री एवं अयान को खेल मंत्री के रूप में चुना गया। चारों बच्चों ने विजयी होने के बाद सबके सामने शपथ ग्रहण की और अपने पद की जिम्मेदारियां संभाली।

**“लोकतंत्र की सीख जरूरी”: कारी मोहम्मद इसहाक**

मदरसा के संचालक कारी मोहम्मद इसहाक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, “ऐसे आयोजनों से बच्चों को मतदान का महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ मिलती है। यह उन्हें भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में तैयार करता है।”

# जयपुर में 15 फरवरी को आयोजित होगा ‘उमंग 2K25’ खेल महोत्सव

## - जिले में प्रथम बार मदरसा छात्रों के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के मदरसा स्कूलों के छात्रों के लिए पहली बार ‘उमंग 2K25’ खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों को खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। इस खेल महोत्सव में 14 ग्रुप्स में बंटे मदरसा स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। ब्लॉक स्तर पर विजेता बनने वाली टीम को जिला स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी और रुमाल झपट्टा जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

**झोटवाड़ा में हुआ खेलों का आयोजन**

शनिवार को झोटवाड़ा क्षेत्र में ग्रुप 8 के मदरसा स्कूलों के छात्रों ने खेल महोत्सव में भाग लिया। बच्चों ने खेलों में उत्साह के साथ अपना प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम का चयन किया गया, जो अब जिला स्तर पर अन्य ब्लॉक्स की विजेता टीमों से मुकाबला करेगी। इस आयोजन में बच्चों का जोश और उत्साह देखने लायक था।

**जिला स्तर की प्रतियोगिता 15 फरवरी को होगी**

जिसमें जयपुर के 14 ब्लॉक्स की विजेता टीमों के लगभग 400 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों मं टीम भावना का विकास होगा और खेलों का महत्व बढ़ेगा। इसके अलावा, यह मदरसा के बच्चों को मुख्यधारा से जुड़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा।

## वक्फ सम्पत्ति बचाओ विंग इकाई धरती पुत्र राजस्थान की बैठक में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। वक्फ सम्पत्ति बचाओ विंग इकाई धरती पुत्र राजस्थान के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शब्बीर खान और संस्था के संरक्षक एडवोकेट असगर खान द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक में संस्था के पदाधिकारियों ने आगामी योजनाओं और वक्फ सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

**बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:**

1. डेलिगेशन का गठन: संस्था की ओर से जल्द ही एक डेलिगेशन तैयार किया जाएगा, जो वक्फ बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ से बातचीत करेगा।
2. सामूहिक गोठ का आयोजन: संस्था की जानिब से आगामी दिनों में एक सामूहिक गोठ (समीति बैठक) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वक्फ सम्पत्ति की सुरक्षा और समुदाय के विकास पर चर्चा की जाएगी।
3. वक्फ संपत्ति का जायजा: संस्था द्वारा राजस्थान में सभी वक्फ संपत्तियों का जायजा लिया जाएगा। वक्फ बोर्ड को आग्रह किया जाएगा कि वह सभी वक्फ जायदादों पर हो रही परेशानियों को सुलझाए और लोगों को राहत दे।
4. कौम की भलाई के लिए काम: बैठक में यह भी बताया गया कि संस्था अपने स्वार्थ को छोड़कर कौम की भलाई के लिए काम करेगी और इस उद्देश्य के लिए कर्मठ लोगों को जोड़ने की कोशिश करेगी।
5.खेलों का आयोजन: वक्फ सम्पत्ति बचाओ विंग इकाई धरती पुत्र राजस्थान की जानिब से जल्द ही इंडोर और आउटडोर खेलों का आयोजन किया जाएगा।

# “बचत बाजार” शोरूम का भव्य शुभारंभ



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।राजधानी जयपुर में फैशन प्रेमियों के लिए एक शानदार तोहफा मिला है। खींची’ज ब्रदर ने अपना दूसरा शोरूम “बचत बाजार” खोलकर ग्राहकों को ब्रांडेड कपड़ों और जूतों की शानदार रेंज होलसेल रेट पर उपलब्ध कराने का ऐलान किया है। इस भव्य उद्‌घाटन समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोमवार सुबह 10 बजे 10 फरवरी 2025 को हाईवे रॉयल सिटी, पुरानी चुंगी, आगरा रोड, जयपुर में स्थित इस नए शोरूम का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से किया गया। इस मौके पर राजस्थान यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. मनमोहन खींची, कृष्णकांत नैनीवाल, कैलाश सोयल, अमित खींची, भगवान जी, पवन देव सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। प्रोपराइटर हेमन्त खींची ने बताया कि “बचत बाजार” का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन क्वालिटी के ब्रांडेड कपड़े और जूते सबसे कम कीमतों पर उपलब्ध कराना है। जयपुर में यह शोरूम उन लोगों के लिए एक शानदार विकल्प होगा, जो कम दामों में ट्रेंडी और स्टाइलिश कपड़े खरीदना चाहते हैं। बचत बाजार में ग्राहकों को ब्रांडेड गारमेंट्स बेहद किफायती दरों पर मिलेंगे। जिसमें पुरुषों के लिए जीन्स, टी-शर्ट, शर्ट, रेडीमेड कपड़े, महिलाओं के लिए – सूट, कुर्ती और अन्य फैशनेबल परिधान तो बच्चों के लिए – सभी प्रकार के कपड़े के साथ जूते और अन्य एक्सेसरीज़ भी उपलब्ध रहेंगे।

# सामुदायिक केन्द्र बना नशेड़ियों का अड्डा, निगम और अधिकारी मौन



जयपुर (रॉयल पत्रिका) जयपुर के आजाद नगर के वार्ड 98 स्थित सामुदायिक केन्द्र की हालत दिन-ब-दिन और भी खराब होती जा रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस सामुदायिक केन्द्र में 02 फरवरी 2025 को एक शादी समारोह का आयोजन किया गया था, जिसके लिए निगम ने 18,000 रुपये की रसीद भी काटी थी। लेकिन इसके बावजूद, न तो पानी की सुविधा थी, न ही बिजली की व्यवस्था और न ही सफाई की कोई व्यवस्था निगम द्वारा कराई गई। शादी के बाद भी सफाई नहीं की गई, और 05 फरवरी 2025 तक यहां सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई। सामुदायिक केन्द्र की स्थिति पहले से कहीं ज्यादा बदतर हो चुकी है। यहां के ताले टूटे हुए हैं और निगम के अधिकारी, जैसे जमादार, एसआई और अन्य संबंधित अधिकारी, इस मामले में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। रात के समय इस सामुदायिक केन्द्र में नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है, जो न केवल केन्द्र की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि वहां से बिजली के तार, बोर्ड और अन्य सामान भी उखाड़कर ले जाया गया है।

यह सामुदायिक केन्द्र 09 अगस्त 2001 को पार्षद मुकेश चौहान द्वारा गरीबों के लिए निःशुल्क बनवाया गया था। 23 वर्षों तक यह केन्द्र बिना किसी शुल्क के चलता रहा, लेकिन 2024 में निगम ने इसे अपने अधीन ले लिया। निगम ने इसे सुविधाजनक बनाने के बजाय, इसके हालात और खराब कर दिए हैं।

स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर आदर्श नगर विधायक रफीक खान, स्थानीय पार्षद और निगम अधिकारियों से संपर्क किया है और उन्हें फोटो, वीडियो और चिट्ठियों के माध्यम से इस मामले की गंभीरता से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय निवासी और एडवोकेट सलमान कुरैशी ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सामुदायिक केन्द्र को फिर से कॉलोनी को सौंपा जाए या फिर चौकीदार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सामुदायिक केन्द्र के मुख्य गेट के ताले खोले जाएं, ताकि कॉलोनी के लोग यहां आ-जा सकें और सफाई एवं अन्य सुविधाओं का ध्यान रख सकें। उनका मानना है कि इस तरह नशेड़ियों के अड्डे को रोका जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने शासन और प्रशासन से इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस सामुदायिक केन्द्र को फिर से स्थानीय लोगों के लिए उपयोगी और सुरक्षित बनाया जा सके।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## इंडिया गठबंधन के घटक दल एक दूसरे को निबटाने में पीछे नहीं

आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा में सत्ता से बाहर हो गई है। 27 वर्ष बाद भाजपा का संन्यास खत्म हो गया है। आम आदमी पार्टी का उदय दिल्ली के मुख्यमंत्री और संयोजक केजरीवाल के नेतृत्व में बाद तेजी से हुआ। अरविन्द केजरीवाल की देश में ईमानदार एवं जननेता की छवि बनने लगी थी। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को तीन बार जिताया। अरविंद केजरीवाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घोर आलोचक और विरोधी छवि के नेता बन गए। भाजपा और कांग्रेस विरोधी वोटर और विचारधारा के लोग आप संयोजक अरविंद केजरीवाल में देश की नेतृत्व करने की संभावना तलाश करने लगे। दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते अरविंद केजरीवाल दिल्ली वासियों के लिए कई जनकल्याण की योजनाएं एवं पॉलिसियां लेकर आए। फ्री बिजली, पानी, इलाज, राशन एवं महिलाओं को दिल्ली की सरकारी बसों में बिना किराया दिए यात्रा आदि मुख्य हैं। इन्हीं योजनाओं के बल पर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के तीन बार मुख्यमंत्री बने। लेकिन नीतियों में नई शराब बिक्री पॉलिसी आम आदमी पार्टी को भारी पड़ गई। जिस तरह दिल्ली की नई शिक्षा नीति के कारण आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार विश्व में प्रसिद्धि पाई थी, उसके उलट नई शराब नीति ने आम आदमी पार्टी सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दुनिया में बदनाम कर दिया। केंद्र सरकार के बाद भाजपा नेतृत्व और सरकारी एजेंसियों ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में लिप्त बताकर जेलों की सलाखों में भेज दिया। दिल्ली की सरकार भी पूर्व मुख्यमंत्री ने जेल में रहते चलाई, हालांकि अरविंद केजरीवाल पर शराब घोटाले में भ्रष्टाचार में आरोप साबित नहीं हो सके और कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई। लेकिन इस बीच अरविंद केजरीवाल की पार्टी एवं दिल्ली की जनता पर कुछ पकड़ ढीली पड़ने लगी थी। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एलजी ने आम आदमी पार्टी को आसानी से शासन नहीं करने दिया। भाजपा भी कांग्रेस पार्टी से ज्यादा आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल को भाजपा के लिए भविष्य में ज्यादा खतरनाक मानने लगी। इसलिए भाजपा नेतृत्व और पार्टी के लिए अरविंद केजरीवाल की राजनीति को कमजोर करना जरूरी था, जो उसने कर दिया। दूसरा आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को इंडिया गठबंधन में शामिल होना सबसे नुकसानदायक साबित हुआ। आम आदमी पार्टी और केजरीवाल ने शुरुआत में भाजपा और कांग्रेस का समान रूप से विरोध किया, जिसका उसको फायदा भी मिला। भाजपा और कांग्रेस विरोधी विचारधारा के लोग आम आदमी पार्टी से तेजी से जुड़ने लगे और आम आदमी पार्टी का जनाधार पूरे देश में बनने लगा। गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 5 विधानसभा सीट जीत भी ली। दूसरी तरफ आम आदमी के बढ़ते राजनीतिक कदमों से कांग्रेस के अस्तित्व पर ही खतरा महसूस होने लगा। कांग्रेस के लिए आम आदमी पार्टी को नुकसान पहुंचाना प्राथमिकता बन गया। हालांकि दिखावाटी रूप से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के रूप में शामिल है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं किया। आम आदमी के नेताओं ने काफी कोशिश की कि हरियाणा विधानसभा चुनाव कांग्रेस के साथ मिलाकर लड़ा जाए। लेकिन कांग्रेस ने आम आदमी के नेताओं की बिल्कुल नहीं सुनी। नतीजा दोनों ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा और भाजपा के सामने हार देखने को मिली। इसी तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने गठबंधन नहीं किया और दिल्ली में भाजपा सरकार बन गई। कांग्रेस को दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली है और आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली है। फिर भी कांग्रेस नेता और पार्टी यह सोचकर खुश हो रही है कि कम से कम अरविंद केजरीवाल सत्ता से दूर हो गए। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के बीच भी ऐसी स्थिति है। कांग्रेस की यह सोच बनती जा रही है कि भाजपा को हराने से पहले छोटे-छोटे क्षेत्रीय दलों को समाप्त या कमजोर कर दिया जाए और भाजपा सोचती है कि विपक्षी एकता इसी तरह दिखावे की बनी रहे।

## शब ए बारात : रहमत और मगफिरत की रात

शब-ए-बारात इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 15वीं रात होती है। इस्लाम में इस रात की काफी अहमियत होती है। इस रात मुसलमान नमाज पढ़ते हैं और अपने पुरखों की कब्र पर जाकर उनके लिए दुआ पढ़ते हैं। ये रात इबादत, रहमत, फजीलत और मगफिरत की रात मानी जाती है। इस दिन मुस्लिम लोग अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। कहते हैं इस एक रात की इबादत का सवाब 83 साल 4 महीने की इबादत के बराबर मिलता है। इस साल 13-14 फरवरी को शब- ए -बरात है। इसके ठीक 15 दिन बाद रमजान का पाक महीना शुरू हो जाएगा।।

देश और दुनियाभर के मुसलमान शब- ए - बरात का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।। शब-ए-बारात फजीलत और इबादत की रात होती है, जिसमें मुसलमान अल्लाह तबारक व तआला से अपनी गुनाहों की मांगी मांगते हैं। शब-ए-बारात में हर मुसलमान पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ऐसी मान्यता है कि शब-ए-बारात के रहमत या मगफिरत की रात को सच्चे दिल से इबादत करने पर अल्लाह सारे गुनाहों को माफ कर देता है। शब-ए-बारात गुनाहों से तौबा करने की रात है। इस दिन मुसलमान फजर की अजान के बाद रोजा रखते हैं और नमाज अदा करते हैं। सूर्यास्त के बाद लोग पूर्वज के क्रब जाकर अगरबत्ती जलाते हैं, फूल चढ़ाते हैं और अल्लाह से उनके गुनाहों की माफी मांगते हैं। लोग अपनी क्षमता के अनुसार खैरात (दान) भी करते हैं। घरों में भी मीठे पकवान भी बनाए जाते हैं। रात में सभी इकट्ठा होकर नमाज अदा करते हैं और पूरी रात कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर अल्लाह तआला से लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और कोई गलत काम न करने का वादा करते हैं। मुसलमान मर्द मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं और कुरआन-ए-पाक की तिलावत करते हैं। वहीं औरतें घर पर ही इस रिवाज को पूरा करती हैं। इसलिए शब-ए-बारात की रात मुसलमानों के लिए सबसे अहम रातों में एक होती है। इस रात को गुनाहों से तौबा करने के साथ ही तकदीर बदलने वाली रात भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस रात तकदीर तय होती है। शब-ए-बारात की रात अल्लाह अपने बंदों से हिसाब लेते हैं। इसलिए कहा जाता है कि, जो लोग गुनाह करके दोजख में जीते हैं उन्हें इस रात गुनाहों की माफी मिल जाती है और उन्हें दोजख से जन्नत भेज दिया जाता है।

**शब-ए-बारात के दिन क्या करते हैं?**

- शब-ए-बारात की रात को विशेष नफ्ल नमाजें अदा की जाती है।
- ये रात अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगने के लिए सबसे खास मानी जाती है।
- इस दिन मुस्लिम लोग दुआ में अपने और अपने परिवार के लिए अल्लाह से रहमत और बरकत की प्रार्थना करते हैं।
- बहुत से लोग इस रात में अपनों की कब्र पर जाकर मगफिरत की दुआ करते हैं।
- कई लोग इस दिन रोजा भी रखते हैं।
- इस दिन जरूरतमंदों को खाना खिलाना, गरीबों की मदद करना और जकात देने का विशेष महत्व माना जाता है।

# डॉ. जाकिर हुसैन: भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति की जयंती पर विशेष विवरण



भारत के इतिहास में अबतक 15 राष्ट्रपति हो चुके हैं। आपको देश के पहले और मौजूदा राष्ट्रपति के नाम तो याद होंगे लेकिन इस लिस्ट के नामों को याद करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे तो वहीं मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि देश के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन थे और उनकी जयंती 8 फरवरी को मनाई जाती है। भारत के इतिहास में डॉ. जाकिर हुसैन का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे न केवल भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति थे, बल्कि भारतीय शिक्षा और समाज सुधार में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमें शिक्षा, समानता और समर्पण का संदेश देता है।

**शुरुआती जीवन:**
डॉ. जाकिर हुसैन का जन्म 8 फरवरी 1897 को उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज में हुआ था। वे एक पश्तून मुस्लिम परिवार से थे और आठ भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। उनका बचपन कठिनाइयों से भरा था। जब वे 10 वर्ष के थे, तब उनके पिता का निधन हो गया और इसके बाद उनकी मां उन्हें लेकर उत्तर प्रदेश के इटावा शहर में आ गईं। इटावा में रहकर जाकिर हुसैन ने इस्लामिया हाई स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की। 14 साल की उम्र में उनकी मां की भी मृत्यु हो गई, जिससे उनका जीवन और भी कठिन हो गया। बावजूद इसके, जाकिर ने अपनी पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी और उन्हें शिक्षा के प्रति गहरी रुचि थी।

**शिक्षा और करियर:**
जाकिर हुसैन ने अपनी उच्च शिक्षा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्राप्त की, जो उस समय एंग्लो-मुहम्मदन ओरिएंटल कॉलेज के नाम से जाना जाता था। कॉलेज के दिनों में ही वे छात्र संघ के अध्यक्ष बन गए थे और जल्द ही पूरे देश में उनकी लोकप्रियता बढ़ गई। अपने कॉलेज के दिनों में ही जाकिर हुसैन ने एक युवा समूह का नेतृत्व किया, जिससे 1920 में अलीगढ़ में नेशनल मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना की। 1925 में यह यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के करोल बाग में स्थानांतरित हो गई, और 1930 में इसे जामिया मिलिया इस्लामिया के रूप में पुनः स्थापित किया गया। आज यह विश्वविद्यालय देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है।

**राजनीतिक यात्रा:**
भारत की स्वतंत्रता संग्राम में भी डॉ. जाकिर हुसैन का अहम योगदान था। उन्हें 1957 में बिहार का गवर्नर बनाया गया और फिर 1962 में भारत के उपराष्ट्रपति के पद पर नियुक्त किया गया। 1967 में, उपराष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने पर, इंदिरा गांधी ने उन्हें भारत का राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष के. कामराज और इंदिरा गांधी के बीच थोड़ी खींचतान हुई, क्योंकि कामराज चाहते थे कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुनः राष्ट्रपति चुना जाए। लेकिन इंदिरा गांधी ने डॉ. जाकिर हुसैन को राष्ट्रपति बना दिया, और वे 13 मई 1967 को भारत के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले थे।

**राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल:**
डॉ. जाकिर हुसैन ने 13 मई 1967 से 3 मई 1969 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। राष्ट्रपति बनने के बाद वे गंभीर शारीरिक समस्याओं का सामना कर रहे थे, और उनका स्वास्थ्य दिन-ब-दिन बिगड़ता गया।

उनकी शुगर और ग्लूकोमा के कारण उनकी आंखों की रोशनी भी कमजोर हो गई थी। फिर भी वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाते रहे। डॉ. जाकिर हुसैन राष्ट्रपति पद पर रहते हुए निधन होने वाले पहले व्यक्ति थे। 3 मई 1969 को उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद, राष्ट्रपति भवन के बाहर लाखों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए जुटे थे, और यह एक ऐतिहासिक घटना बन गई।


**शैक्षिक योगदान और जामिया मिलिया इस्लामिया:**
डॉ. जाकिर हुसैन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है। उनका मानना था कि शिक्षा समाज के स्तर को ऊपर उठाने का सबसे शक्तिशाली साधन है। उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, जिसे उन्होंने स्थापित किया, आज भारतीय उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है।

**पद्म विभूषण और सम्मान:**
उनकी मृत्यु के बाद, भारत सरकार ने उन्हें 1983 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया, जो भारतीय नागरिकों के लिए दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। डॉ. जाकिर हुसैन का जीवन शिक्षा, समानता, और समाज सेवा के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

उन्होंने भारतीय समाज में एकता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए। उनका योगदान हमेशा भारतीय राजनीति और शिक्षा व्यवस्था में अमिट रहेगा। उनकी जयंती पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हैं।

### 6 फरवरी जन्मदिन पर विशेष.....

# खान अब्दुल गफ्फार खान (सीमांत गांधी)



खान अब्दुल गफ्फार खान सीमा प्रांत और बलूचिस्तान के एक महान राजनेता थे। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने कार्य और निष्ठा के कारण सरहदी गांधी (सीमांत गांधी) के नाम से पुकारे जाने लगे। वह भारतीय उपमहाद्वीप में अंग्रेज शासन के विरुद्ध अहिंसा के प्रयोग के लिए जाने जाते थे। इनका जन्म 6 फरवरी 1890 ईस्वी में पेशावर वर्तमान पाकिस्तान में हुआ था। बचपन से इनके जीवन पर इनके दादाजी अब्दुल्ला खान का अधिक प्रभाव रहा। जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी तथा अंग्रेजों ने उन्हें मृत्यु दंड दिया। गर्मियों में स्कूल की छुट्टियों में खाली समय पर समाज सेवा का कार्य करना उनका मुख्य काम था। शिक्षा पूरी होने के बाद यह देश की सेवा में लग गए पेशावर में जब 1919 में फौजी कानून (मार्शल लॉ) लागू किया गया उस समय उन्होंने शांति का प्रस्ताव पारित किया फिर भी उन्हें गिरफ्तार किया गया। "खुदाई खिदमतगार" नाम का जो सामाजिक संगठन उन्होंने बनाया वह जल्द ही राजनैतिक कार्य में परिवर्तित हो गया। 1930 ईस्वी में सत्याग्रह करने पर दुबारा जेल भेजे गए। जेल में ही इन्होंने सिख ग्रंथों तथा गीता का अध्ययन किया। हिंदू तथा मुसलमानों के आपसी मेल को जरूरी समझा उनकी संगति से अन्य कैदी भी प्रभावित होकर गीता, कुरान तथा ग्रंथ साहब का अध्ययन करने लगे। 1931 में गांधी इरविन समझौता हुआ जिसके बाद खान साहब जेल से रिहा हुए तथा फिर से सामाजिक कार्यों में लग गए। सीमा प्रांत में सरकार की ज़्यादतियों के विरुद्ध मालगुजारी आंदोलन चलाया। सरकार ने उन्हें और उनके भाई को आंदोलन का सूत्रधार मानते हुए नजरबंद कर दिया। 1934 में फिर से जेल से रिहा हुए और पूरे देश का दौरा कर जनता की सेवा में लग गए। 1942 में अगस्त आंदोलन में गिरफ्तार हो गए जो 1947 में रिहा हुए। देश का बंटवारा होने पर उनका संबंध भारत से टूट सा गया था किंतु वह देश के विभाजन से किसी प्रकार से सहमत नहीं थे इसलिए पाकिस्तान से उनकी विचारधारा बिल्कुल अलग थी। तथा वहां रहकर पख्तूनिस्थान आंदोलन आजीवन जारी रखा। इनका संस्मरण ग्रंथ 'माय लाइफ एंड स्ट्रगल' 1969 में प्रकाशित हुआ। उन्हें वर्ष 1987 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित किया। 1988 में पाकिस्तान में उन्हें सरकार ने घर में नजरबंद किया। उसके कुछ ही दिनों पश्चात 20 जनवरी 1988 को उनकी मृत्यु हो गई।

# बाधाओं को तोड़ना: बेगम कुदसिया ऐजाज रसूल की विरासत और मुस्लिम महिलाओं का सशक्तिकरण

**"तेरे माथे पर ये आंचल बहुत ही खूबसूरत है लेकिन, तू इस आंचल से इक परचम बना लेती तो अच्छा था"**


बेगम कुदसिया ऐजाज रसूल की यात्रा इस दोहे के सार को दर्शाती है, जहाँ परंपरा का पर्दा सशक्तिकरण के बैनर में बदल जाता है। वह न केवल एक नेता थीं, बल्कि लचीलेपन की प्रतीक थीं जिन्होंने भारत में मुस्लिम महिलाओं की भूमिका को फिर से परिभाषित किया।

वह भारत के इतिहास के पन्नों में साहस और प्रगति की एक चमकती हुई किरण हैं। वह एक मुस्लिम महिला की अदम्य भावना का प्रतीक हैं, जिन्होंने देश के भविष्य को आकार देने के लिए सामाजिक मानदंडों को चुनौती दी। संविधान सभा की एकमात्र मुस्लिम महिला सदस्य के रूप में, उनका योगदान सशक्तिकरण के आदर्शों के साथ प्रतिध्वनित होता है, जो धर्म, लिंग और वर्ग द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को चुनौती देता है। उनकी जीवन कहानी आज मुस्लिम महिलाओं के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में कदम रखने और राष्ट्र निर्माण में अपना सही स्थान अपनाने का एक स्पष्ट आह्वान है। बेगम रसूल की यात्रा एक ऐसे युग में शुरू हुई जब महिलाएं, विशेष रूप से मुस्लिम महिलाएं, सार्वजनिक जीवन से काफी हद तक अनुपस्थित थीं। पंजाब के मलेरकोटला के एक संपन्न परिवार से आने के कारण, वह विशेषाधिकार और आराम का जीवन जी सकती थीं।

इसके बजाय, उन्होंने खुद को सार्वजनिक सेवा में डुबोना चुना। 1937 में, उन्होंने संयुक्त प्रांत विधान परिषद चुनावों में एक गैर-आरक्षित सीट पर चुनाव लड़कर और जीतकर रूढ़िवादिता को तोड़ दिया, और राजनीति में मुस्लिम महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक बन गईं। उनकी उपलब्धियाँ मुस्लिम महिलाओं की नेतृत्व करने और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बदलाव लाने की क्षमता को दर्शाती हैं। भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में बेगम रसूल का योगदान राजनीति से परे है। बेगम रसूल का जीवन आधुनिक भारत की चुनौतियों का सामना करने वाली मुस्लिम महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजनीति में उनका नेतृत्व, महिलाओं के अधिकारों की वकालत और लगभग दो दशकों तक भारतीय महिला हॉकी महासंघ की अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका, उनके बहुमुखी योगदान को दर्शाती है। 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित होना उनकी स्थायी विरासत की याद दिलाता है। आज मुस्लिम महिलाओं के लिए, उनकी कहानी कार्रवाई का आह्वान है। यह उनसे सार्वजनिक जीवन में भाग लेने, सामाजिक बंधनों से लड़ने और उन रूढ़ियों को चुनौती देने का आग्रह करता है जो उन्हें सीमित करने का प्रयास करती हैं। वह एक महिला के बदलाव लाने के संकल्प की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। एक ऐसी दुनिया में जो अभी भी प्रतिनिधित्व और समानता के मुद्दों से जूझ रही है, उनकी कहानी समावेशिता के महत्व और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए मुस्लिम महिलाओं की क्षमता को रेखांकित करती है।

उनकी यात्रा मुस्लिम महिलाओं की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने, बाधाओं को तोड़ने और भारत के भविष्य को आकार देने में अपना स्थान पाने के लिए प्रेरित करे। जैसा कि उन्होंने लिखा उनकी कहानी उम्मीद की किरण है, जो मुस्लिम महिलाओं से अपने "आँचल" को "परचम" में बदलने और अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने का आग्रह करती है।

# इस्लाम और जरूरतमंदों की मदद



अक्सर देखा गया है कि लोग जरूरतमंदों की मदद नहीं करते हैं। कुछ लोग तो इतने बड़े घर बना लेते हैं कि उन तक पहुंचना ही मुश्किल हो जाता है। कई बार ऐसा होता है कि अगर कोई शख्स मदद के लिए कहे, तो उसे उसके हाल पर छोड़कर आगे बढ़ जाना बेहतर समझते हैं। कई बार मदद मांगने वालों को लोग झिड़क देते हैं। लेकिन इस्लाम ने इस बात से लोगों को मना किया है। इस्लाम में लोगों की मदद करने के बारे में बताया गया है। इस्लाम में कहा गया है कि अगर कोई जरूरतमंद आपके पास आए तो उसे आप 'न' मत कहें। फकीरों और मांगने वालों के बारे में भी इस्लाम ने कहा है कि अगर कोई आपसे कुछ मांगे, तो उसे आप न मत कहें। गरबों, जरूरतमंदों और फकीरों को झिड़के नहीं।

**मदद करना सवाब का काम**
इस्लाम में बताया गया है कि अगर आप जरूरतमंदों, गरीबों और यतीमों की मदद करते हैं, तो यह सवाबा का काम है। इससे अल्लाह राजी होता है। इस्लाम में अमीरों को अपने माल में से देने का हुक्म दिया गया है। इस्लाम में कहा गया है कि नेकी सिर्फ वही नहीं है कि लोग अपने मुंह को पूरब और पश्चिम की तरफ फेर लें, बल्कि असल नेकी यह है कि जो अल्लाह पर, कयामत के दिन पर, कुरान पर ईमान लाए और माल से मोहब्बत के बावजूद गरीबों, मिस्कीनों और यतीमों की मदद करे। एक जगह कुरान में कहा गया है कि तुम्हारे माल के हकदार तुम्हारे मां-बाप हैं, करीबी रिश्तेदार हैं और यतीम हैं। इस्लाम में गरीबों की मदद को देखते हुए जकात को फर्ज किया गया है।

**समाज की तरक्की**
समाज की तरक्की का सबसे बड़ा मकसद मोहताजों, बेकसों, माजूरों, बीमारों, बेवाओं, यतीमों और बेसहारा लोगों की देखभाल है। यह मकसद तभी पूरा हो सकता है कि इन जरूरतमंदों की जरूरत पूरी की जाए और उन्हें माली ऐतबार से मजबूत बनाया जाए। इस्लाम में कहा गया है कि अगर आप अपने माल को जरूरतमंदों में खर्च करते हैं, तो आपके माल में बरकत होती है। एक जगह इरशाद है कि एक बार प्रोफेट मोहम्मद स। मस्जिद-ए-नबवी में थे, तभी उनके पास एक औरत किसी जरूरत से आई। आप स। ने देर तक उस औरत की बात सुनी। इसके बाद उसकी जरूरत को पूरा कराने का यकीन दिला कर उसे भेज दिया।

**नौकरों की मदद**
प्रोफेट मोहम्मद स। ने फरमाया है कि तुम्हारे नौकर तुम्हारे भाई हैं, अल्लाह ने उन्हें तुम्हारे अधीन कर दिया है। जो आपके आधीन हों, उन्हें वही खाना खिलाएं जो आप खुद खाते हैं, उसे वही कपड़े पहनाएं जो आप खुद पहनते हैं और उससे ऐसा काम न लें जो उसकी ताकत से ज्यादा हो, यदि कोई काम उसकी ताकत से ज्यादा हो तो खुद उसकी मदद करे।

**मदद पर हदीस**
"जाबिर रजि। कहते हैं कि नबी स। ने किसी मांगने वाल को "न" कहकर कभी वापस नहीं किया"
**(हदीस: बुखारी, मुस्लिम)**

# इस्लाम में कारोबार और हलाल कमाई की अहमियत



इस्लाम में हलाल तरीके से कारोबार करना और मेहनत करके पैसे कमाना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इस्लाम ने मुसलमानों को यह हिदायत दी है कि वे अपने जीवन यापन के लिए हलाल तरीके से काम करें। ऐसा करने से न केवल इंसान के कारोबार में बरकत आती है, बल्कि उसकी आख़िरत भी सुधरती है।

व्यवसाय में झूठी कस्मों से बचें:
इस्लाम में यह भी बताया गया है कि कारोबार करते समय बहुत ज्यादा कसमें नहीं खानी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति बार-बार कसम खाता है और व्यापार में धोखा देता है, तो यह केवल उसकी व्यावसायिक सफलता में अस्थायी तेजी लाता है, लेकिन बाद में वह व्यापार बरकत से वंचित हो जाता है। इसके अलावा, यह काम कयामत के दिन अल्लाह की नाराजगी का कारण बन सकता है। इस्लाम में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि कयामत के दिन उस व्यापारी से न तो अल्लाह बात करेंगे, न उसे देखेंगे, और न ही उसे जन्नत में दाखिल करेंगे, बल्कि उसे दर्दनाक सज़ा दी जाएगी।

**अल्लाह के लिए काम करने का महत्व:**
इस्लाम में एक और विशेष हिदायत है कि यदि कोई व्यक्ति अपने परिवार की जिम्मेदारी को निभाने, अपने मां-बाप का पालन-पोषण करने, और बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए कारोबार करता है, तो यह कार्य अल्लाह के लिए किया गया माना जाएगा। यह कार्य न केवल हलाल होगा, बल्कि इसके बदले व्यक्ति को सवाब भी मिलेगा।

**कोई धोखा न दे, वरना बदकार के रूप में लाया जाएगा:**
इस्लाम में यह भी कहा गया है कि कारोबार में हेराफेरी और धोखा देने वाले लोग कयामत के दिन खुले बदकार के रूप में लाए जाएंगे।

वहीं, जो व्यापारी अपने कारोबार में ईमानदारी से काम करते हैं, जिनके पास परहेज और सच्चाई होती है, वे जन्नत में अपनी जगह बना लेते हैं।

**भूल-चूक को माफ करने का तरीका:**
इस्लाम में यह भी बताया गया है कि अगर किसी व्यापारी से कोई भूल-चूक हो जाए, जैसे किसी को ज्यादा या कम देना, तो इसके लिए उसे दान (सदका) करना चाहिए। इससे उसकी भूल-चूक माफ हो जाती है और उसका कारोबार फिर से बरकत से भर जाता है।

हदीस में कारोबार की सलाह:
हजरत कैस अपबू गरजा (रजि.) से एक हदीस है, जिसमें नबी (स.) ने व्यापारियों से कहा: "ऐ व्यापारियों! माल बेचने में बहुत-सी फुजूल बातें कहने और झूठी कसम खाने की संभावना रहती है, इसलिए तुम लोग सदका करो, ताकि इस भूल-चूक का कफ्फारा (प्रायश्चित) बन सके।" (हदीस: अबू दाऊद)

इस प्रकार, इस्लाम में कारोबार को न केवल एक साधारण पेशा माना गया है, बल्कि इसे एक ईमानदार और हलाल तरीके से करने के लिए पूरी तरह से प्रोत्साहित किया गया है।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है । संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli , Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

Baran Based 27/5.4/B.Tech., M.Tech. Girls, Working as a Civil Enginear With a Private Firm At Gurgaon. Father Bussiness Man, Mother House Wife, Elder Brother is Govt Doctor, Well Settled Family, Required Well honest Settled, Honest Life partner. Contact – 9829068455

31/5.8/ B.Tech Mechanical, Own Business, Jaipur Based Boys, Father- Retd. Manager Hotal Gangaur, Jaipur {RTDC), Mother House Woman Well Settled Family Required Educat, Religious Girls.Requird Contact - 9829068455

26/6.2/B.tech.mechanical(honours),working in private company.jodhpur based reputed family.Required educated, religious girls. Contact ph.91 8005598829

26/5.2"/B. Com; LLB; M.Com/ Sales Cordinator in finance company.reputed jodhpur based Syed family girl. need suitable educated,- settled, religious boy.contact ph.8426056205

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/ बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/ पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

## पुलिस कांस्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती.. इस दिन से होगी आवेदन प्रक्रिया शुरू



पुलिस की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी सामने आई है। अब राजस्थान में पुलिस की भर्ती होने जा रही है। राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती होगी। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। पुलिस विभाग भर्ती और पदोन्नति बोर्ड के अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पांडेय ने आरएसी बटालियन, जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस बाबत पत्र भेज दिया है। खाली पदों की जानकारी मांगी गई है। अब जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होने के साथ भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस भर्ती में वहीं युवा आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सीईटी 12वीं स्तर में हिस्सा लिया होगा। सीईटी सेकेंडरी लेवल के परिणाम के बाद इसका नोटिफिकेशन जारी हो सकता है।

चयन- लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन। लिखित परीक्षा पास करने वालों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जायगा।

आयु सीमा- 18 से 28 साल। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी।

12वीं पास युवा इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे।

कद काठी योग्यता (पिछली भर्ती के मुताबिक)पुरुष के लिए
लंबाई- 168 सेमी
सीना- कम से कम बिना फुलाए – 81 सेमी. फुलाकर – 86 सेमी
महिला उम्मीदवार
लंबाई- 152 सेमी
वजन कम से कम- 47.5 किलो
पिछली भर्ती में ये थी आवेदन फीस
– सामान्य/राजस्थान के क्रीमी लेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/ एमबीसी वर्ग – 500 रुपये
– आर्थिक पिछड़ा वर्ग, राजस्थान के नॉन क्रीमी लेयर के ओबीसी, एमबीसी, एससी, एसटी, सहरिया, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग / एमबीसी वर्ग के ऐसे आवेदक जिनके परिवार की आय सालाना 2.50 लाख रुपये से कम है (केवल राजस्थान के मूल निवासी)- 450 रुपये

## आवश्यकता

• रॉयल पत्रिका को हॉकर्स (अखबार बांटने के लिए) की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय आकर शीघ्र संपर्क करें- रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर - 302002
मो. न. : 9772552446

• जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार । इच्छुक व्यक्ति अपना बायो डाटा निम्न व्हाट्सएप न. पर भेजे-
मो. न. – 9772552446

## SCI भर्ती 2025: 241 जूनियर कोर्ट असिस्टेंट (JCA) पदों के लिए आवेदन करें



भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SCI) ने वर्ष 2025 के लिए 241 जूनियर कोर्ट असिस्टेंट (JCA) पदों की भर्ती की घोषणा की है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इस प्रतिष्ठित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यहाँ SCI भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया, पात्रता और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**
• आवेदन करने की शुरुआत तिथि: 5 फरवरी 2025
• आवेदन करने की अंतिम तिथि: 8 मार्च 2025
पात्रता मानदंड
शैक्षिक योग्यता
• किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री।
• कंप्यूटर पर अंग्रेजी टाइपिंग में न्यूनतम गति 35 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.)।
• कंप्यूटर संचालन का ज्ञान अनिवार्य है।
आयु सीमा
• उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए, 8 मार्च 2025 के अनुसार।
**वेतन 2025**
• यह पद Group 'B' Non-Gazetted के अंतर्गत आता है।
• प्रारंभिक बेसिक पे ₹35,400/- है (लेवल 6, पे मैट्रिक्स में)।
• अनुमानित कुल वेतन, जिसमें HRA भी शामिल है, ₹72,040/- प्रति माह है।
चयन प्रक्रिया 2025
**चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण होंगे:**
1. ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा
2. कंप्यूटर पर टाइपिंग स्पीड टेस्ट
3. डेस्क्रिप्टिव टेस्ट
4. साक्षात्कार
उम्मीदवारों को प्रत्येक चरण में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।
SCI JCA आवेदन शुल्क
• सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए: ₹1000/-
• SC/ST/पूर्व सैनिक/विकलांग/ स्वतंत्रता सेनानी उम्मीदवारों के लिए: ₹250/- (बैंक शुल्क सहित)
SCI JCA भर्ती 2025 के लिए आवेदन कैसे करें
1. सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
2. जूनियर कोर्ट असिस्टेंट पदों के लिए भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
3. दिए गए ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करें: https://cdn3.digialm.com/EForms/configuredHtml/32912/92214/Index.html

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) जूनियर असिस्टेंट और सीनियर असिस्टेंट भर्ती 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने जूनियर असिस्टेंट और सीनियर असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। कुल 224 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 04 फरवरी 2025 से 05 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।
**मुख्य विवरण:**
• कुल पद: 224
• पद नाम: जूनियर असिस्टेंट (फायर सर्विस), सीनियर असिस्टेंट (ऑफिशियल लैंग्वेज, अकाउंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स)
• आवेदन प्रारंभ तिथि: 04 फरवरी 2025
• आवेदन की अंतिम तिथि: 05 मार्च 2025
• आवेदन शुल्क:
o सामान्य / OBC / EWS: ₹1000
o SC / ST: ₹0
o सभी महिला उम्मीदवार: ₹0
o भुगतान मोड: ऑनलाइन (क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिंग या ई-चालान)
**आयु सीमा:**
• न्यूनतम आयु: 18 वर्ष
• अधिकतम आयु: 30 वर्ष (05 मार्च 2025 तक)
• आयु में छूट: आरक्षित वर्ग के लिए नियमानुसार छूट।
पदों का विवरण:
• जूनियर असिस्टेंट (फायर सर्विस): 152 पद
o शैक्षिक योग्यता: 10वीं पास + 3 साल का डिप्लोमा (मैकेनिकल/ ऑटोमोबाइल/फायर) या 12वीं पास।
o ड्राइविंग लाइसेंस: वैध भारी वाहन/मध्यम वाहन/हल्के वाहन का लाइसेंस आवश्यक।
• सीनियर असिस्टेंट (ऑफिशियल लैंग्वेज): 4 पद
o शैक्षिक योग्यता: हिंदी और अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री या किसी अन्य विषय में हिंदी/अंग्रेजी को विषय के रूप में लेने वाली डिग्री।
• सीनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स): 21 पद
o शैक्षिक योग्यता: ग्रेजुएट (B.Com.) और MS Office में कंप्यूटर साक्षरता।
• सीनियर असिस्टेंट (इलेक्ट्रॉनिक्स): 47 पद
o शैक्षिक योग्यता: इलेक्ट्रॉनिक्स / टेली कम्युनिकेशन / रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

**कैसे आवेदन करें:**
आधिकारिक वेबसाइट www.aai.aero पर जाएं और आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

## राजस्थान विद्युत विभाग में 271 पदों पर भर्ती राजस्थान

सरकार की ओर से विद्त विभाग में जूनियर इंजीनियर और जूनियर केमिस्ट के 271 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

फॉर्म भरने और फीस जमा करने की लास्ट डेट 20 फरवरी, 2025 तय की गई है। पांचों विद्त कम्पनियों (उत्पादन निगम, प्रसारण निगम, जयपुर/अजमेर/ जोधपुर विद्त वितरण निगम) के विभिन्न संवर्गों के पदों से जुड़ने के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगें गए हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

राजस्थान राज्य विद्त प्रसारण निगम की ओर से विद्त गृहों से उत्पादित बिजली को न्यूनतम प्रसारण हानि के साथ राज्य की वितरण कम्पनियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

## राजस्थान उच्च न्यायालय ने स्टेनोग्राफर भर्ती 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए




राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर (RHC) ने 144 स्टेनोग्राफर (हिंदी और अंग्रेजी) पदों के लिए भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 23 जनवरी 2025 से 22 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में हिंदी और अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के विभिन्न पदों के लिए आवेदन किए जाएंगे।
**मुख्य विवरण:**
• कुल पद: 144
• पद नाम: स्टेनोग्राफर (हिंदी और अंग्रेजी)
• आवेदन प्रारंभ तिथि: 23 जनवरी 2025
• आवेदन की अंतिम तिथि: 22 फरवरी 2025 (शाम 5 बजे तक)
• परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि: 23 फरवरी 2025
**आवेदन शुल्क:**
• सामान्य / OBC: ₹750
• OBC NCL / EWS: ₹600
• SC / ST: ₹450
• भुगतान मोड: राजस्थान ई-मित्र के माध्यम से नकद भुगतान या डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क भुगतान।
**आयु सीमा:**
• न्यूनतम आयु: 18 वर्ष
• अधिकतम आयु: 40 वर्ष (आरक्षित वर्ग को आयु सीमा में छूट दी जाएगी)
पदों का विवरण:
• स्टेनोग्राफर ग्रेड III (अंग्रेजी):
o नॉन-TSP: 08 पद
o TSP क्षेत्र: 03 पद
• स्टेनोग्राफर ग्रेड III (हिंदी):
o नॉन-TSP: 110 पद
o DLSA+PLA: 12 पद
o TSP क्षेत्र: 11 पद
**शैक्षिक योग्यता:**
• उम्मीदवार को 10+2 इंटरमीडिएट या O Level / COPA / डिप्लोमा / RSCIT कोर्स उत्तीर्ण होना चाहिए।

## चयन बोर्ड ने निकाली 13398 पदों पर भर्ती, ऑनलाइन आवेदन 18 फरवरी से

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 13,398 पदों पर भर्ती की घोषणा की है, जिसमें संविदा के तहत नौकरी दी जाएगी। इस भर्ती के तहत CHO, नर्स, लेखा सहायक, लैब टेक्नीशियन, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता समेत 29 से अधिक श्रेणियों में नियुक्तियां की जाएंगी। उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। 12वीं पास से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगी। भर्ती परीक्षा का आयोजन कंप्यूटर बेस्ड और टैबलेट बेस्ड टेस्ट के रूप में किया जाएगा, जो 2 जून से 13 जून तक आयोजित की जाएगी

## RSSBने DEO, नर्स और अन्य विभिन्न पदों के लिए भर्ती 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया



राजस्थान स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड (RSSB) ने DEO, नर्स और अन्य विभिन्न पदों के लिए भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती में कुल 13,398 पदों पर नियुक्तियाँ की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार 18 फरवरी 2025 से 19 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
RSSB के द्वारा जारी किए गए पदों में
• DEO (डेटा एंट्री ऑपरेटर)
• नर्स (GNM, B.Sc)
• सोशल वर्कर
• मेडिकल सहायक
• फार्मासिस्ट
• अन्य संबंधित पद
आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी, और उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर चयनित किया जाएगा।
**महत्वपूर्ण तिथियाँ**
• ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि: 18 फरवरी 2025
• ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 19 मार्च 2025
• सुधार की अंतिम तिथि: 26 मार्च 2025
• लिखित परीक्षा तिथि: शीघ्र घोषित की जाएगी
**शैक्षिक योग्यता**
• DEO के लिए: स्नातक डिग्री और कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/ PGDCA/DOEACC
• नर्स के लिए: GNM या B.Sc नर्सिंग डिग्री और राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण
• फार्मासिस्ट के लिए: डिप्लोमा/ डिग्री इन फार्मेसी और राजस्थान फार्मेसी काउंसिल में पंजीकरण
**आवेदन शुल्क**
• सामान्य/ OBC/ EWS: ₹600
• SC/ST/PWD: ₹400
• भुगतान मोड: ऑनलाइन
**आयु सीमा**
• न्यूनतम आयु: 21 वर्ष
• अधिकतम आयु: 40 वर्ष (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में छूट प्रदान की जाएगी)
चयन प्रक्रिया
चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और अन्य प्रक्रिया शामिल हैं।
**अधिक जानकारी के लिए**
आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं: वेबसाइट: www.rssb.rajasthan.gov.in

## इंडियन नेवी में 270 पदों पर भर्ती, आवेदन करें अब



इंडियन नेवी ने 2026 बैच के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के 270 पदों पर भर्ती निकाली है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को www.joinindiannavy.gov.in पर जाना होगा।
**पदों की संख्या और श्रेणियां:**
•एग्जीक्यूटिव ब्रांच, पायलट, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, लॉजिस्टिक्स, एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल ब्रांच, नेवल कंस्ट्रक्टर
**योग्यता:**
बीई/बीटेक, एमबीए, बी.कॉम, एमसीए, एमएससी आदि में 60% अंकों के साथ डिग्री
**आयु सीमा:**
विभिन्न पदों के अनुसार 2001 से 2007 के बीच जन्म
**सैलरी:**
1,10,000 रुपए प्रति माह

## एडवोकेट परवेज़ पठान बने जिला अध्यक्ष



बारां,(रॉयल पत्रिका) । ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस (AILAJ) के राजस्थान प्रदेश कन्वीनर एडवोकेट अंसार इंदौरी ने परवेज़ पठान को बारां जिले का कन्वीनर नियुक्त किया है। ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस (AILAJ) के प्रदेश संयोजक एडवोकेट अंसार इंदौरी ने प्रेस बयान ज़ारी कर बताया कि संगठन वकीलों और कानून के छात्रों का एक राष्ट्रीय संगठन है, जिसका उद्देश्य समसामयिक व्यवस्था की आलोचना करना और उसे चुनौती देना है, साथ ही न्याय की स्थापना करने के लिए कानून की सीमाओं को आगे बढ़ाना है। संगठन संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्ध है। संगठन के उद्देश्यों में देश में मानवाधिकारों, नागरिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय पर हो रहे हमलों से उत्पन्न नागरिकों के बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता शामिल है। जिनमे पीड़ित भारतीय नागरिकों की कानूनी लड़ाई महत्वपूर्ण है।संगठन मानता है की सामाजिक, आर्थिक, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर समकालीन हमले से उत्पन्न कठिनाइयाँ का संगठित होकर ही मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने बताया की संगठन असमानताओं, भेदभाव और पूर्वाग्रह के खिलाफ़ वकील समुदाय को संघर्ष करने के लिए एकजुट करने का प्रयास कर रहा है। साथ ही संगठन वकीलों और कानून के छात्रों के कल्याण के लिए कार्य करता है। संगठन की कर्नाटक, ओडिशा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित कई राज्यों में कमेटियां बनी हुई हैं। एडवोकेट अंसार इंदौरी ने नवनियुक्त बारां जिले के कन्वीनर को शीघ्र तहसील स्तर पर संगठन विस्तार कर कार्यकारणी घोषित करने के निर्देश दिए हैं।

## कृषि क्षेत्र में क्रांति, अब हर किसान की होगी डिजिटल पहचान

### - किसान नजदीकी शिविर में जाकर फार्मर रजिस्ट्री कराएं - जिला कलक्टर

**शब्बीर हुसैन**




बारां,(रॉयल पत्रिका) नोडल अधिकारी व एडीएम दिवांशु शर्मा ने बताया कि जिले में किसानों को समृद्ध बनाने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय शिविर लगाकर फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। जिले में प्रातः 930 से सायं 530 बजे तक सभी ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में 10 से 12 फरवरी को क्रमशः अंता ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोरसन व पाटून्दा, ब्लॉक छीपाबड़ौद की ग्राम पंचायत बमौरीघाट, ब्लॉक अटरु की ग्राम पंचायत कनोटियां, मुडला बिसौती, ब्लॉक छबड़ा की ग्राम पंचायत कडैयानोहर, ब्लॉक बारां की ग्राम पंचायत फूंसरा, ब्लॉक मांगरोल की ग्राम पंचायत बमोरी कलां, रायथल एवं ब्लॉक किशनगंज की ग्राम पंचायत सोभागपुरा, बन्दाखुर्द में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत किसानों को यूनिक आईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिससे वे सभी कृषि योजनाओं का लाभ बिना किसी झंझट के प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों की डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जा रही है। इस प्रोफाइल में भूमि रिकॉर्ड, फसल की जानकारी और वित्तीय गतिविधियों को जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को फसल बीमा, पीएम किसान निधि, फसली ऋण जैसी योजनाओं का लाभ बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के मिलेगा। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने किसानों से अविलंब रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की है, ताकि वे सभी सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी उत्पादकता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। डिजिटल इंडिया मिशन के तहत खेती-किसानी को तकनीक से जोड़ने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

शिविरों में पहुंचे और लाभ उठाएं

प्रशासन की इस पहल से किसानों को आसान, पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था का लाभ मिलेगा। सभी किसान अपने नजदीकी शिविर में जाकर फार्मर रजिस्ट्री कराएं और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त करें। अन्नदाताओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाएगी।

## देशवाली समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 23 फरवरी को




कोटा, (रॉयल पत्रिका)। पंचायत देशवाली सेवा समिति बारां के प्रेस प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि प्रदेश सहित बारां जिले से शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद, साहित्य, कला एवं अन्य क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करने वाली देशवाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान देशवाली महासभा शिक्षा एवं विकास संस्थान द्वारा 23 फरवरी रविवार को कोटा के चन्द्रेसल रोड स्थित एस एल सभागार काला तालाब कोटा में देशवाली प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। रविवार 9 फरवरी को इसके लिए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान खत्री की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षाविद् डॉ. जफर मोहम्मद, पुलिस उपअधीक्षक एसीबी अनीस अहमद, एडवोकेट मंजूर तंवर, प्रदेशाध्यक्ष हनीफ खत्री, प्रवक्ता फारुक राणा, सचिव व पार्षद मोहम्मद यूनुस बब्बू, इरफान गौड़, सचिव साहिल, असलम गौड़, अली मस्तान बंटी सर, अशरफ देशवाली, रईस फैजी, पूर्व पार्षद नियाज मोहम्मद, शाहिद इकबाल भाटी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फखरू भुट्टो, युसूफ भुट्टो, इब्राहिम खान, शब्बीर मानपुरा, नन्हा भाई भाटी, इकराम अली, आशिक सर, कय्यूम भुट्टो, अनीस मियां सलमान, नफीस मोहम्मद, इकबाल एडवोकेट, फारुक खान, एडवोकेट इसाक अहमद, एडवोकेट रफीक देशवाली अब्दुल कुड्स जावेद खान के साथ कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

## कोटा देहात के प्रतिनिधि मंडल ने ओम बिरला को दरा जाम की समस्या से अवगत करवाया



**डॉ० तौहीद**

सुकेत/ रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)।नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सरकारी निवास पर कोटा देहात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर के नेतृत्व में मुलाकात करके दरा अंडरपास में जाम की समस्या से अवगत करवाया भटवाड़ा अमझार सड़क में आ रही समस्या से भी अवगत करवाया। बिरला ने जल्द ही समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा व राज्यसभा, राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान रामगंजमंडी भाजपा मंडल प्रतिनिधि महेश श्रीवास्तव चेचट, भाजपा मंडल अध्यक्ष हंसराज रायका, खैराबाद मंडल प्रतिनिधि हुकमचंद सुथार, मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामकुमार अहीर घाटोली सहित कोटा देहात के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रतिनिधि साथ रहे।

## चंद्रघटा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न, 489 मरीज़ लाभान्वित

### - पार्षद मोहम्मद आसिम द्वारा लगवाया गया कैंप

**शब्बीर हुसैन**



कोटा, (रॉयल पत्रिका) 9 फ़रवरी 2025 रविवार को चन्द्रघटा मक़बरा स्थित अंजुमन इस्लामिया स्कूल में वेल्फेयर पार्टी के वार्ड 52 कोटा उत्तर के पार्षद मोहम्मद आसिम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित करवाया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ. मुस्तफ़ा बोहरा, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मोहित सिंह, साइकोलिजिस्ट डॉ. मनाल शेख, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश छबलानी एवं डॉ. रचना पटेल, पीडियाट्रिशियन डॉ. मोहम्मद आरिफ, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. असमा ख़ान, डेंटल सर्जन डॉ. शबाना अंसारी, डॉ. रूहींन ख़ान एवं फ़िजियोथेरेपिस्ट डॉ. सेहबा हसन ने निःशुल्क परामर्श दिया । शिविर में मुख्य अतिथि शहर क़ाज़ी ज़ुबेर अहमद साहब रहे। शहर क़ाज़ी ने निःशुल्क कैम्प आयोजित करने पर पार्षद मोहम्मद आसिम की सराहना की। कैम्प में विभिन्न प्रकार की जाँचें ब्लड प्रेशर, शुगर, स्पिरोमीटरी, एच बी 1 सी, लिवर फंक्शन टेस्ट आदि निःशुल्क करवाई गईं । शिविर में क्षेत्र के 489 रोगी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर वेलफेयर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सैफुल्लाह ख़ान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सिद्दीक़ अंसारी, आसिफ़ हुसैन, अशफ़ाक़ अंसारी, अनवर कुरैशी बबलू, मुहम्मद ख़ालिद, मोहम्मद इरफ़ान, अताउल इकराम, आफ़ताब अंसारी, जावेद कागज़ी, ज़ुबेर अख़्तर, शाहिद कुरैशी, रियाज़ुद्दीन कुरैशी, वाजिद हुसैन, शबनम फ़रहत, असमा आसिफ़, शिफ़ा ख़ालिद, शगुफ़्ता अशफ़ाक़, नुसरत जहाँ, शाहिस्ता, शाहीन अंसारी, बुशरा अताउल, सादिया अंसारी, निख़त तरन्नुम, अतिया ज़ाकिर, उम्मे अम्मारा, नेहा अमरीन आदि ने सेवाएँ दीं।

## नीतू गुप्ता इनरव्हील क्लब बारां की अध्यक्ष घोषित

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान अध्यक्ष सीमा अग्रवाल के अनुसार इनरव्हील क्लब के सत्र 2025 -26 के अध्यक्ष के नाम की घोषणा चार्टर प्रेसिडेंट ललिता टोंग्या ने की। सर्व प्रथम क्लब की पूर्व प्रेसिडेंट जिला प्रमुख उर्मिला जैन व बिंदु मारू ने नीतू गुप्ता का नाम रखा, चित्रा जैन ,मृदुला मारू एवं अन्य सभी सदस्यों द्वारा समर्थन के साथ आगामी अध्यक्ष के नाम को सर्व सम्मति प्रदान की गई। जिला प्रमुख उर्मिला जैन, ललिता टोंग्या, सीमा अग्रवाल द्वारा तिलक माला से नीतू गुप्ता का स्वागत किया। सभी सदस्यों ने मुँह मीठा कराया। साथ ही इसी दिन क्लब द्वारा एक सेवा कार्य भी किया गया जिसमें राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद केलवाड़ा में सनचलित महर्षि वाल्मीकि आश्रम एवम विद्यालय में रहने वाले बच्चों को खाद्य सामग्री,चादर ,चप्पलें, बर्तन वन्य रोजमर्रा की सामग्री भेंट की। इस कार्य में संस्था के सदस्यों का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में संस्था सचिव किरण जैन, अनिता सेठी,इंद्रा गालव,त्रिशला जैन ,मंजू बंसल,चन्दा ठाकुरिया,सुलेखा जैन,नेहा गुप्ता आदि सभी पूर्व अध्यक्ष मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया दिल्ली की प्रचंड जीत का जश्न



**डॉ० तौहीद**

सुकेत/रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत पर रामगंजमंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश काला के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मालगोदाम चौराहे पर जीत की खुशी में पटाखे फोड़ कर एक दूसरे को मिठाक खिलाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत बताया। भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक सैन और हर्षित सरसिया ने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला महामंत्री नरेंद्र राजा, वीरेंद्र जैन, अखिलेश मेडतवाल, ज्ञान जी खोला, पप्पू मराठा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल का अवैध कब्जा हटाया, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**डॉ तौहीद**



रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी के सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल द्वारा भेरूजी मन्दिर की भूमि पर किया गया अवैध कब्जा प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। स्कूल ने इस भूमि पर बाउंड्री वाल बना दी थी, जिससे मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी। तहसीलदार नेहा वर्मा ने पुलिस बल के साथ इस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। जेसीबी मशीन से स्कूल की बाउंड्री और गेट को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान कानूनगो, पटवारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, यह मामला 2006 से विवादित था, जब स्कूल ने मन्दिर की भूमि पर कब्जा कर लिया था। इस मुद्दे पर कई बार शिकायतें की गई, जिनमें पार्षद जगदीश गुप्ता और जितेंद्र जोशी की मुख्य भूमिका रही। पिछले तीन वर्षों से शिकायतकर्ता शिकायत करते रहे थे, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। आखिरकार, 2022 में पैमाइश की गई और शिकायतों के बाद प्रशासन को इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अतिक्रमण हटने के बाद अब भेरूजी मन्दिर को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। इस पूरे मामले में नगरपालिका रामगंजमंडी के अधिशासी अधिकारी द्वारा भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में अवरोध डाले जाने की शिकायतें सामने आई थीं।

## मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारिणी का गठन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**शब्बीर हुसैन**



कोटा.(रॉयल पत्रिका)। मिल्लत चैरिटेबल की अहम मिटिंग ज़ोहराना मेंशन दादाबाड़ी पर प्रमुख समाजसेवी मोहम्मद मियाँ की सरपरसती में सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हयात खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तिलावत ए कुरान से सभा की शुरुआत हुई। नव निर्वाचित अध्यक्ष खलील अहमद कुरैशी ने सभी ट्रस्टी हज़रात का चेयरमेन बनाये जाने पर दिल से शुक्रीया अदा किया। महासचिव ने भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले 2 सालों से एम सी टी क्लिनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर,विज्ञान नगर, कोटा सफलतापूर्वक काम कर रहा है जिसमें रियायती दरों पर इलाज सभी प्रकार की जांचें, दवाइयां, सोनोग्राफी ,अस्थमा केयर सेंटर ,साइक्रेटिक डॉक्टर की सेवाएं ,बच्चों के डॉक्टर की सेवाएं, जनरल फिजिशियन, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डाक्टर आदि की सुविधाएं नियमित रूप से दी जा रही है । गरीब और कमजोर वर्ग को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। ट्रस्ट के चेयरमेन खलील अहमद कुरैशी बताया की ट्रस्ट का मूल उद्देश्य कोटा शहर में एक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करना है जिसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है ओर बहुत जल्द इसको साकार करने का भरोसा दिलाया। ट्रस्ट के क्लिनिक प्रभारी ज़ाकिर आसफी ने हॉस्पिटल की भावी जरूरतों ओर वर्तमान में दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया । इस अवसर पर ट्रस्ट के सरपरस्त अल्हाज मोहम्मद मियां, सर्वोदय ग्रुप के चेयरमैन हाजी गफ्फार मिर्ज़ा, हाजी हनीफ, अज़ीज़ अंसारी ओर निर्वाचित अध्यक्ष, सेकेट्री ओर खजाँची इमाम हुसैन मंसूरी ने मिलकर 33 लोगों की नई कार्यकारिणी के गठन का ऐलान किया, जिसमें, जॉइंट सेकेट्री जाकिर आसफी, हमीदुल्हक, लईक अहमद ओर वाइस चेयरमेन सलीम अब्बासी, मुख़्तार अंसारी, ओर सह केशियर मिर्ज़ा नफीस बैग ओर लीगल एडवाइजर एडवोकेट साबिर हुसैन, सालाउद्दीन सिद्दीकी, फ़ज़लु रेहमान मेडिकल एडवांजर डॉक्टर एन डी पठान व डॉक्टर रईस को बनाया गया । ट्रस्ट के चैयरमेन खलील अहमद कुरैशी ओर सरपरस्तों ने नई कारिकारिणी का फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया। प्रोग्राम में कोटा बूँदी बारां, झालावाड़, अजमेर जयपुर से लोगों ने शिरकत की। आखिर में सभा के चेयरमेन खलील कुरैशी साहब ने सभी उपस्थित सरपरस्तों/ ट्रस्टीज़ का शुक्रिया अदा किया और उम्मीद जाहिर की ट्रस्ट इसी तरह से मिलजुल कर काम करता रहेगा और अपने मकसद कोटा में मल्टीस्पेशलीटी हॉस्पिटल बनाने में कामयाब होगा।

## भारतीय समाज सेवा संस्था के झालावाड़ नगर अध्यक्ष बने ललित शर्मा



**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय समाज सेवा-संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव एवं राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी के निर्देशन में संस्था के जिला अध्यक्ष डालूराम मेघवाल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सदस्यता अभियान के तहत झालावाड़ नगर अध्यक्ष पद पर ललित शर्मा को मनोनीत किया। जानकारी के लिए बता दें ललित शर्मा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी 25 साल से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, अब भारतीय समाज सेवा संस्था के झालावाड़ नगर अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं देंगे।संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने बताया कि प्रदेश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और संस्था द्वारा किए गए जनहित के कार्य को देखते हुए समाज सेवी लोग संस्था से जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## जिले में निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती, अधिकारियों को निर्देश निर्माण स्थलों पर पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करें - एडीएम

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशानुसार नगर निकाय क्षेत्र में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों की समीक्षा एवं भविष्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परियोजना अधिकारी, शाहबाद जबर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक कलेक्ट्रेट परिसर एडीएम बारां के कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस उप अधीक्षक ओमेन्द्र सिंह शेखावत, सीआई योगेश चौहान, प्रोजेक्ट अधिकारी, आरएसआरडीसी ललित मेघवाल, अधिशाषी अभियंता अजय सिंह एवं नगर परिषद कनिष्ठ अभियंता श्याम मनोहर गौतम सहित प्रशासन एवं निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम ने सभी विभागों को निर्माण कार्यों, सार्वजनिक स्थलों एवं औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मजदूरों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षा उपकरणों, हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता अनिवार्य होनी चाहिए।

एडीएम ने बैठक में नगर निकाय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान घटित घटनाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों में मजदूरों एवं कारीगरों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग करना सुनिश्चित करें, बिना सेफ्टी उपकरण के किसी भी मजदूर से कार्य न करवाया जाए। निर्माण स्थलों पर सुरक्षा संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। जोखिमपूर्ण कार्यों को केवल प्रशिक्षित मजदूरों से ही करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में जहां खुदाई हो रही है, वहां किसी भी मजदूर को नीचे न उतारा जाए, बल्कि मशीनों से खुदाई करवाई जाए। एडीएम ने निर्देश दिए कि ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों को सुरक्षा मानकों का पालन कराने हेतु पाबंद किया जाए एवं समय-समय पर निरीक्षण किया जाए।

एडीएम एवं परियोजना अधिकारी, शाहबाद ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख आर्थिक सहायता स्वीकृत

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार, बारां से प्राप्त आवेदन पत्र व अनुशंसा के आधार एवं मुख्यमंत्री कार्यालय राजस्थान सरकार जयपुर से राशि स्वीकृति प्राप्त होने पर ट्रेन से टकराने से दुर्घटना में हरिओम पुत्र रतनलाल की मृत्यु होने पर मृतक आश्रित दीपमाला पत्नी हरिओम जाति बैरवा निवासी ग्राम दुर्जनपुरा तहसील बारां जिला बारां को 1 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है

## एलन की ऑनलाईन क्लास अब सेमफोर्ड स्कूल में होगी शुरु


### - प्रतिभा सम्मान एवं पारितोषिक वितरण समारोह में पार्टनरशिप की हुई लॉचिंग




बारां,(रॉयल पत्रिका) । बच्चों की मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर चिंतित अभिभावकों के लिए खुशखबरी है। उन्हें अब बच्चां को दूसरे शहर भेजने और मोटी राशि खर्च करने से की भी चिंता नहीं रहेगी। यह सब संभव हुआ है बारां के सेमफोर्ड स्कूल और कोटा के विख्यात कोचिंग संस्थान एलन की पार्टनरशिप से। रविवार को शहर के फूंसरा रोड स्थित सेमफोर्ड सीनियर सैकंडरी स्कूल में आयोजित प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं पारितोषित वितरण समारोह में एलन ऑनलाइन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में एलन ऑनलाइन के एकेडमिक कोर टीम के मेम्बर गौरव शर्मा व प्रोजेक्ट मैनेजर नरेश सिंह सौलंकी ने बताया कि बारां में यह सुविधा 1 अप्रेल से प्रारंभ हो रही है। इसमें कक्षा 6 से 11वीं तक बच्चे कोटा एलन से सीधे ऑनलाइन क्लास से जुड़कर नीट एवं जेईई की तैयारी कर सकेंगे। प्रत्येक कक्षा में 30 छात्र को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रोजेक्ट में आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है। जिससे बच्चों व अभिभावकों को समझने में आसानी रहेगी। एप के जरिये एआई एवं चेटबोट के माध्यम से बच्चे घर बैठे किसी भी समय अपने डाउट क्लीयर कर सकेंगे। एकेडमिक कोर मेम्बर शर्मा ने बताया कि एलन की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई का तरीका, फैकल्टी व अनुभवी टीम का लाभ बच्चों को मिलेगा। साथ ही अभिभावकों को अपने बच्चों को घर से बाहर दूर भेजने की चिंता भी नहीं रहेगी। वार्ता में सेमफोर्ड चेयरपर्सन हर्षिता जैन ने बताया कि एलन ऑनलाइन के लिए स्कूल में डिजिटल कॉमन क्लासरूम अलग से बनाया गया है। जिसमें एआई जनरेटेड केमरा सेट किया गया है। इसमें विज्ञान, गणित, एसएसटी व अंग्रेजी की पढ़ाई होगी। एलन का स्टाफ कोटा स्टूडियो से लाइव जुड़ा रहेगा। प्रत्येक पीरियड 45 मिनट का होगा। यह पढ़ाई स्कूल समय में ही होगी। एलन ऑनलाइन पढ़ने वाले बच्चों के स्कूल का समय सुबह 9 से दोपहर 3.30 बजे तक रहेगा। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्रतिभावान एवं खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को पारितोषिक दिए गए। अतिथियों ने बच्चों को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। डाइरेक्टर हर्षिता जैन ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक मौजूद थे

# आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने दावतुल हक संस्था के वार्षिक उत्सव में शिरकत की

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। किशनगढ़ के पास गांव ऊंटडा में 8 फरवरी को दावतुल हक संस्था के आयोजित वार्षिक उत्सव व जलसा में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर कार्यक्रम में हजारों छात्राओं और लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। दावतुल हक संस्था उच्च शिक्षा कोचिंग, शैक्षणिक और चिकित्सा सेवा सहित अन्य सेवा में बेहतर कार्य कर रही है, जो तारीफे काबिल है। कार्यक्रम के दौरान दावतुल हक संस्था के सचिव मौलाना मोहम्मद अय्यूब कासमी ने तहेदिल से सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का इस्तकबाल किया। इस अवसर पर पूर्व वंशावली बोर्ड के अध्यक्ष रामसिंह राव, कांग्रेस नेता और एडवोकेट विश्राम चौधरी, पार्षद नोरत गुर्जर, एडवोकेट सम्राट ऊंटडा, सुमेर चौधरी, सुरेश भडाना, एडवोकेट चेतन चौधरी, दीपक बागड़ी और विभिन्न मुस्लिम संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।




# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने मक्का और मदीना की यात्रा के लिए हाजियों को रवाना किया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित मोहल्ला तेलियान से उमराह-हज के लिए रवाना हुए हाजी अहमद अली तुगलक, अनवर अली तुगलक और अन्य यात्रियों को बधाई देने और दुआएं देने के लिए मोहल्लेवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। हाजियों को मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा पर भेजते हुए पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल था। इस अवसर पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, चूरू प्रधान दीपचंद राहड, मेघ सिंह गोदारा, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, एडवोकेट संजय भाटी, मोहम्मद सलीम मिस्त्री, साजिद तुगलक, डॉ. इनायत खान, रोशन खान, असलम तुगलक, हाजी शरीफ सोलंकी, फारूक तुगलक और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने हाजियों को फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके लिए देश-दुनिया में अमन, चैन, शांति और भाईचारे की दुआएं की।

पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा, " वो लोग बड़े ही खुश नसीब होते हैं जिन्हें मक्का और मदीना की तीर्थ यात्रा नसीब होती है क्योंकि पूरी दुनिया में मुस्लिम समुदाय के पाच फर्ज में से एक फर्ज यह भी है कि आप को अगर दौलत से नवाजा है तो आप मक्का और मदीना की यात्रा अवश्य करें।" इस दौरान लोगों ने खुशी-खुशी हाजियों को यात्रा के लिए रवाना किया और देश दुनिया के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी।



# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन की जयन्ती अकीदत के साथ मनाई गई




**मोहम्मद अली पठान**

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में देश के पूर्व राष्ट्रपति तथा शिक्षाविद डॉ. जाकिर हुसैन की 128 वीं जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारीगण तथा कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। संस्था के अध्यक्ष डा. मुमताज अली कुरैशी ने उन्हें एक स्वतन्त्रता सेनानी व महान शिक्षाविद बताते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संस्था के पदाधिकारी सलामुदीन खान, हाजी फजले हक, हाजी अहमद हुसैन चौहान आदि ने भी उनकी सेवाओं का जिक्र किया। संस्था प्रधान इदरीस खत्री "राज़" ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जामिया मिल्लिया विश्व विद्यालय, नई दिल्ली उनके जीवन की सबसे बड़ी यादगार है। वे एक महान अर्थशास्त्री, लेखक, कहानीकार व शिक्षक थे। 1963 में उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होनें विश्व विद्यालय के उपकुलपति, राज्यपाल, उप राष्ट्रपति तथा राष्ट्रपति आदि पदों को सुशोभित किया। कार्यक्रम में आरिफ खान, देवेन्द्र सिंह, सुमेषता, रुबीना खान, सायमा खान, नसीम बानो, अब्दुल रहमान, अफजल हुसैन, रमीज राजा, रफीक खान, अंकिता आदि स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

# अयोध्या व काशी विश्वनाथ से भी भव्य बने पुष्कर में ब्रह्मलोक कोरिडोर

**- सरकार कोरिडोर प्रोजेक्ट को करे सार्वजनिक और बिना किसी के नुकसान व जनभावना से हों कॉरिडोर निर्माण**

**- पुष्कर विकास प्राधिकरण को कराएंगे लागू**

**- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रेस वार्ता में उठाए कई अहम मुद्दे**

अजमेर(रॉयल पत्रिका)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष ने कहा कि तत्कालीन मुख्य मंत्री अशोक गहलोत सरकार के ड्रीम प्रॉजेक्ट रहे पुष्कर ब्रह्मलोक कारीडोर का अयोध्या व काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य निर्माण होना चाहिए, लेकिन कॉरिडोर का निर्माण बिना किसी का नुकसान व जन भावना के अनुसार हो। उन्होंने कहा कि पुष्कर में कोरिडोर प्रोजक्ट का विरोध नहीं हो रहा है बल्कि प्रोजक्ट को सार्वजनिक नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में विभिन्न प्रकार की आशंकाएं व दुकान, मकान टूटने का भय उत्पन्न हो रहा है।

उससे जन आक्रोश फैल रहा हैं। सरकार को पुष्कर के लोगो को विश्वाश में लेना चाहिए व कोरिडोर प्रोजेक्ट के मॉडल को सार्वजनिक करना चाहिए। हो सकता है पुष्करवासी सरकार के ब्रह्मलोक कोरिडोर प्रोजक्ट के मॉडल से सहमत हो जाए। राजस्थान पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने शनिवार को पुष्कर में होटल सरोवर में मीडिया से रूबरू होते कहा कि पुष्कर में भव्य कोरिडोर निर्माण का मेरा सपना था। मैने गहलोत सरकार के कार्यकाल में भरसक सार्थक प्रयास किए। कांग्रेस के नेता वैद्यनाथ पाराशर, श्री तीर्थ गुरु पुष्कर पुरोहित संघ के प्रतिनिधियों के एक दल ने काशी विश्वनाथ का दौरा कर पुष्कर में ब्रह्मलोक कोरिडोर निर्माण हो अपनी सहमति प्रदान की थी।

देश के प्रसिद्ध आर्कटेक्चर अनूप भड़तिया द्वारा जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ मिलकर पूरे प्रोजक्ट की डिजाइन तैयार की गई थी। इसके लिए गहलोत सरकार ने पुष्कर विकास प्राधिकरण बोर्ड के गठन व पांच सौ करोड़ रुपए के बजट की घोषणा भी की थी। राठौड़ ने कहा कि पुष्कर के विधायक केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत को भाजपा कांग्रेस की राजनीति से हटकर कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों व्यापारिक संगठन पुरोहित समुदाय व कोरिडोर के हद में आने वाले स्वामित्व धारकों को कोरिडोर प्रोजेक्ट के प्लान को सार्वजनिक करना चाहिए। जिससे कोरिडोर प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में उत्पन्न हो रही भ्रांतियां व भय का माहौल समाप्त हो सके। ओर जगत पिता ब्रह्म की नगरी का ऐतिहासिक विकास व सौंदर्यीकरण हो सके। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल में कहा कि हमारी तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार ने पुष्कर विकास प्राधिकरण की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा सरकार पुष्कर विकास प्राधिकरण लागू नहीं कर रही है। पुष्कर विकास प्राधिकरण को लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भी मुलाकात की जाएगी।

**ईडब्ल्यूएस आरक्षण सरलीकरण राजस्थान मॉडल को पूरे देश में किया जाए लागू**

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आरक्षण सरलीकरण की नीति के राजस्थान मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए, जिससे युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों में लाभ मिल सके।

राजस्थान पर्यटन विभाग के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि ईडब्ल्यूएस का दस प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी, लेकिन उसमें भूमि, मकान, संपति की शर्ते इतनी कठिन थी कि उसका जनरल केटेगरी के युवा लाभ नहीं उठा पा रहे थे। राजस्थान में गहलोत सरकार के कार्यकाल में आरक्षण सरलीकरण नीति के लागू होने के आठ महीने बाद ही संपति वाली कठिन शर्तों को हटाकर आठ लाख रुपए की आय के आधार पर राजस्थान मॉडल तैयार कर लागू किया गया, जिससे जनरल केटेगरी के लोगो को नौकरियों में भरपूर लाभ मिलने लगा। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार से मांग की है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण नीति के राजस्थान मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाए जिससे युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों में लाभ मिल सके । उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार जिस तरह से पंचायती राज में ओबीसी का दे रही है, उसी प्रकार ईडब्ल्यूएस को भी लागू करे।

# सैहला गांव में 140 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह सम्पन्न

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू,(रॉयल पत्रिका)। सैहला गांव के रा. उ.मा. वि में आयोजित एक भव्य समारोह में 140 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गांव की बेटी रेहाना पठान, जो हमारी ख्वाहिश एन.जी.ओ राजगढ़ की संचालिका हैं, ने किया। सम्मान समारोह में छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर उनकी मेहनत और सफलता का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर शिक्षाविद मोहम्मद अनवर कुरैशी ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में के.टी.सी. ग्रुप के चेयरमैन राज खान और सनराइज होटल के मालिक बाबू खान ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के तौर पर जगदीश शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच (उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, चूरू), डॉ. गफ्फार खान, विक्रमपाल सरपंच (ग्राम पंचायत रतनसरा), असलम खान, महेंद्र न्यौल (उप जिला प्रमुख), अख्तर खान (भा.ज.पा. जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष), डॉ. मकसूद चिश्ती, नूर मोहम्मद खान (क़ायम होस्टल, सीकर के संचालक), रफ़ीक़ खान कासली, आसिफ़ खान टीपू और मुबारक खान उपस्थित रहे।कार्यक्रम की सफलता के लिए गांव के सभी नागरिकों ने रेहाना पठान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, युवा शक्ति और मातृशक्ति भी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अयूब ख़ान, इस्पाक ख़ान (स्टार पब्लिक स्कूल के निर्देशक), सांवरमल मीना (श्री सावित्री शिक्षण संस्थान के निर्देशक), नाजम अली पठान और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने किया। इस भव्य आयोजन का सफल संचालन लाल चंद मीणा (व्याख्याता) ने किया।

# शौकत खान झरिया ने 65 वर्ष की उम्र में भी पढ़ाई के प्रति अपनी लगन को साबित किया




चूरू,(रॉयल पत्रिका)। "पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती," यह प्रसिद्ध कथन शौकत खान झरिया पर पूरी तरह से लागू होता है। वन विहार कॉलोनी, चूरू निवासी और बुद्धिजीवी शौकत खान झरिया ने अपनी 65 वर्ष की उम्र में यह साबित कर दिया कि जब इंसान के पास पढ़ाई का जुनून हो, तो कोई भी उम्र सीमा नहीं होती। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से जे.यू.टी. विश्वविद्यालय, चुडैला/झुंझुनू से एलएलबी में टॉप किया। शौकत खान झरिया के पास पहले से ही कई डिग्रियों का जखीरा है, जिनमें एमए जियोग्राफी, एमए हिस्ट्री, कामिल इन उर्दू और 1978 में लोहिया कॉलेज टॉपर जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वे राजकीय सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर, जीएसटी के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। अपने जीवन के इस नए अध्याय के माध्यम से शौकत खान झरिया ने यह सिद्ध कर दिया कि रिटायरमेंट के बाद भी अगर मन में पढ़ाई के प्रति जुनून हो, तो किसी भी उम्र में सफलता पाई जा सकती है। उनका यह कदम न केवल उनके खुद के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए। शौकत खान झरिया ने इकरा फाउंडेशन के मार्गदर्शक के रूप में भी अपना योगदान दिया है और वे युवाओं के लिए आदर्श बनकर उभरे हैं।


# अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों से अमानवीय व्यवहार पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



पाली,(रॉयल पत्रिका)। अमेरिका से भारतीय नागरिकों को जिस अमानवीय तरीके से भारत भेजा गया है।उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीर थी। ये बेहद ही शर्मनाक है। ये विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। इस गंभीर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की खामोशी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पाली जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे 12:00 बजे कांग्रेस भवन से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि,, अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अचानक और अन्यायपूर्ण निर्वासन से उत्पन्न संकट के मद्देनजर, यह जरूरी है कि हम इन गंभीर अन्यायों के विरूद्ध सामूहिक आवाज उठाएं। रिपोर्ट से पता चलता है कि निर्वासित व्यक्तियों को अमानवीय हिरासत की स्थिति, यात्रा के दौरान हथकड़ी लगाए जाने और वित्तीय तबाही का सामना करने सहित गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस तरह का व्यवहार उनकी गरिमा का घोर उल्लंघन है और हमारे राष्ट्र की छवि को धूमिल करता है। इन खतरनाक घटनाओं के बावजूद, भाजपा की केंद्र सरकार उदासीन और असहाय बनी हुई है।

हमारे नागरिकों के लिए खड़े होने और मानवीय व्यवहार की मांग करने के बजाय, सरकार शर्मनाक तरीके से इन कार्यों को उचित ठहरा रही है। वैश्विक मंच पर हमारे नागरिकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करने में विफलता, कर्तव्य का एक अक्षम्य परित्याग है, जो सरकार की अपने लोगों के प्रति साहस और प्रतिबद्धता की कमी को उजागर करता है। हम इस निष्क्रियता को चुनौती दिए बिना नहीं जाने देंगे। इसके अलावा, यह संकट अवैध प्रवास को रोकने के लिए मजबूत नीतियों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है, साथ ही विदेशों में रोजगार के लिए सुरक्षित और कानूनी रास्ते सुनिश्चित करता है। हमें मानव तस्करी के नेटवर्क को खत्म करना चाहिए, निर्वासितों के पुनः एकीकरण के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करना चाहिए और अपने लोगों की सुरक्षा के लिए पारदर्शी प्रवासन ढांचे की स्थापना करनी चाहिए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, प्रदेश सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पुर्व सेवादल जिलाध्यक्ष जब्बरसिंह राजपुरोहित, महिला प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, पंचायत राज जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, संगठन महामंत्री भंवर राव, राजेन्द्र मेघवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, ताराचंद टांक, जिला महासचिव रफीक चौहान, मोहन सिंह राजपुरोहित, मांगुसिह दूदावत, सज्जन बी राज, आमीन अली सहित आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# अत्याधुनिक चिकित्सा की मिसाल: गीतांजली हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने आँखों को दी नई दृष्टि




उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर के नेत्र रोग विभाग की विट्रियो-रेटिना यूनिट ने एक बड़ी चिकित्सा सफलता हासिल की है। डॉक्टरों की एक टीम ने 10 वर्षीय एक रोगी की आँखों की रोशनी बचाई, जो कि टाइप-1 डायबिटीज मेलिटस से पीड़ित थी और उसकी हालत गंभीर थी। नेत्र एवं पर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. रिनी सुखवाल और हर्मोन एवं डाईबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल साहलोत के नेतृत्व में डॉ. गीतिका, डॉ. रेनू, डॉ. ऋषभ, डॉ. प्रांजल और डॉ. कल्पेश की टीम ने इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। रोगी का ब्लड शुगर 650 mg/dl तक पहुंच चुका था और HBA1c स्तर 15% हो गया था, जिससे उसकी दाहिनी आंख की रोशनी पूरी तरह समाप्त हो गई थी। इस गंभीर स्थिति में, रोगी को तुरंत गीतांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कर गहन चिकित्सा के माध्यम से ब्लड शुगर को नियंत्रित किया गया। सिर्फ 5 दिनों के अंदर रोगी की स्थिति स्थिर हो गई और उसके बाद विट्रियो रेटिना सर्जरी और आईओएल (इंट्रा ऑक्युलर लेंस) प्रत्यारोपण किया गया। यह सर्जरी गीतांजलि हॉस्पिटल के विट्रियो-रेटिना सर्जन डॉ. रिनी सुखवाल द्वारा की गई। सफल सर्जरी के बाद, अगले ही दिन रोगी की दृष्टि 6/9 तक पहुंच गई, जो कि चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। गीतांजलि हॉस्पिटल की यह सफलता डॉक्टरों की कुशलता, समर्पण और अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रमाण है। इस उपलब्धि ने न केवल रोगी और उसके परिवार को खुशियाँ दी, बल्कि यह यह साबित किया कि सही समय पर उचित इलाज से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। गीतांजलि हॉस्पिटल का नेत्र रोग विभाग अत्याधुनिक सुविधाओं और पेशेवर टीम के साथ हमेशा मरीजों के इलाज के लिए तत्पर है। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, उदयपुर पिछले 17 वर्षों से एक छत के नीचे विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# महिलाओं को साइबर सुरक्षा का ध्यान जरूरी, सोशल मीडिया पर भी रखे ध्यान

जोधपुर,(रॉयल पत्रिका)। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नवाचार 'राजस्थान मरू उड़ान' कार्यक्रम एवं सकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट यूमेन के तहत शनिवार को जोधपुर जिले में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता के समन्वय से राजकीय विशिष्ट पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर में जिला स्तरीय विशेष कार्यकम साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। पुलिस विश्वविद्यालय जोधपुर के साइबर एक्सपर्ट आदित्य शर्मा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध से बचने के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करे। साथ ही अज्ञात कॉल को भी रिसिव नहीं करने की जानकारी दी। अधिक पैसों के लालच में किसी भी लिंक या मैसेंज पर भरोसा न करे। अगर कोई साइबर अपराध होतो तुरंत साइबर हेल्पलाईन 1930 पर कॉल करे एवं थाने में शिकायत दर्ज करावे। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रोग्रामर इमरान परवेज ने डिजीटल साक्षरता के बारे में बताया एवं मोबाईल में सुरक्षा फीचर के बारे में जानकारी दी एवं नवीनतम तकनीकी अपनाने की सलाह दी। जेंडर स्पेशलिस्ट हब फॉर एम्पावरमेंट, जोधपुर कानाराम सारण ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी के लिए आज महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिलाओं के लिये यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महिलाएं को सतर्कता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी शेयर नहीं करे एवं ध्यान रखे की अपरिचित किसी व्यक्ति पर भरोसा नहीं करे। कार्यशाला में जोधपुर जिले से आए 105 महिला एवं बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमीनार में महिलाओं ने विशेषज्ञों से साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित अपने प्रश्नों का सामाधान प्राप्त किया। सारण ने आयुक्त महिला अधिकारिता व जिला कलक्टर का महिला शक्ति को संदेश पढ़कर सुनाया व बताया की राजस्थान मरु उड़ान नवाचार के तहत आयोजित यह कार्यक्रम बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस तरह के कार्यक्रम बालिकाओं और महिलाओं के आत्मनिर्भरता, जागरूकता और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत साल भर विभिन गतिविधियां आयोजित हो रही

पाली,(रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाने के लिए जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास कमेटी का पुनर्गठन किया, कमेटी की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के हर्षोल्लास से मनाने के लिए जिला स्तरीय जिला सहकारी विकास कमेटी का गठन किया गया जिसकी प्रथम बैठक शुक्रवार को आयोजित कर विभिन्न हित धारक विभागों तथा संगठनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग जितेंद्र गोदारा ने बताया कि देश व प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाया जा रहा है जिसकी योजना की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति का राज्य सरकार द्वारा गठन किया गया है। इसके अंतर्गत पूरे साल विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। कमेटी में शीर्ष जिला स्तरीय अधिकारियों सहित जिला स्तरीय सहकारी संघों, संस्थाओं के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को शामिल किया गया है उप रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग को कमेटी का संयोजक नियुक्त किया गया है कमेटी की प्रथम बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में की गई बैठक में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के लिए वर्ष भर में आयोजित होने वाली गतिविधियों कार्यक्रमों के वार्षिक कैलेंडर का अनुमोदन करते हुए सभी संबंधित विभाग की अधिकारियों को इसके अनुसार सक्रिय भूमिका निभाते हुए सहकारिता के संदेश व आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए बैठक में प्रबंध निदेशक प्रशांत कल्ला ने अवगत कराया कि विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत लापोद ग्राम सेवा सहकारी समिति, सुमेरपुर में 500 मेट्रिक टन क्षमता का गोदाम स्वीकृत किया गया है। तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विभिन्न 54 नवाचारों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की उपलब्धि को सहकारिता विभाग द्वारा जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के प्रचार प्रसार के लिए जिला कलेक्टर द्वारा प्रबंध निदेशक बैंक तथा प्रबंध निदेशक डेयरी संघ को जिले की सभी सहकारी समितियों का सम्मेलन आयोजन कर उसमें विशेषज्ञों के सत्र आयोजन कर सहकारिता विभाग के विभिन्न योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचाने के लिए जन _ जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली , अतिरिक्त जिला कलेक्टर (राजस्व)पाली, निदेशक केंद्रीय सहकारी बैंक पाली, युक्त निदेशक कृषि विभाग पाली, जिला रसद अधिकारी पाली, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग पाली, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पाली, संत निदेशक जिला दुग्ध संघ पाली, उप रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग एवं संयोजक (डीसीडीसी) पाली मौजूद रहे।

# रोजगार सहायता शिविर 28 फरवरी को

चूरू,(रॉयल पत्रिका)। रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 28 फरवरी, को सवेरे 10 बजे से जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में बेरोजगार युवाओं के लिए एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा।

रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में राज्य के 8वीं पास से लेकर स्नात्तकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को ई-कॉमर्स, बैंकिंग, सेल्स मार्केटिंग, सुरक्षा, बीमा आदि निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे

# डीएपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संस्थान का दौरा किया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)।दार–अल–अरकम पब्लिक स्कूल (डी ए पी एस) के कक्षा U.K.G. के विद्यार्थियों ने 8 फरवरी 2025, शनिवार को राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ का दौरा किया। इस खास विजिट का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति और अल्लाह की नेमतों का आभार व्यक्त करना था। संस्थान में प्रवेश करते ही नेत्रहीन बच्चों ने डी ए पी एस के विद्यार्थियों का प्रेमपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान, संस्थान के प्राचार्य ने बच्चों को नेत्रहीन बच्चों के जीवन और उनके दैनिक कार्यों के बारे में बताया, साथ ही उनके द्वारा किए गए रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया गया।नेत्रहीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों ने सभी को भावुक कर दिया और वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। विजिट के अंत में, संघ ने डी ए पी एस के विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की, जबकि बच्चों ने उनके द्वारा दी गई सहायता राशि संघ को प्रस्तुत कर अपना स्नेह व्यक्त किया।यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक खास अनुभव साबित हुआ, जिसने उन्हें शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के साथ सहानुभूति और अल्लाह की नेमतों का महत्व सिखाया।

# वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अश्विनी भगत अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अश्विनी भगत अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत हुए। यह आदेश राज्यपाल की आज्ञा से कार्मिक विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किया गया। भगत अब अतिरिक्त मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग, जयपुर के पद पर कार्य करेंगे।अश्विनी भगत पूर्व में अध्यक्ष, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, प्रमुख शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, जन अभियोग निराकरण, निदेशक, हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन शासन सचिव, निर्वाचन विभाग जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके है

# कुरैशी समाज में शरई तरीके से शादियों का बढ़ता चलन

## - दहेज, गार्डन और डिनर से मुक्ति




जयपुर,(रॉयल पत्रिका )। मुस्लिम समाज में कुरैशी बिरादरी के शादी समारोह के आयोजनों में दहेज प्रथा एवं फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने का चलन चल पड़ा है। इस सिलसिले में दूल्हा व दुल्हन पक्ष आपस में सहमति कर नो दहेज, नो डिनर, नो गार्डन की नीति को अपना रहे हैं। जिसके चलते मस्जिद में निकाह व आने वाले मेहमानों की खजूर व शरबत के साथ मेहमान नवाजी कर दुल्हन को घर से रुखसत कर शरई तरीका अपना रहे हैं। इस सिलसिले की शुरुआत जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र निवासी बिजनेसमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी छुट्टन कुरैशी ने अपनी बेटी का निकाह इसी पैटर्न पर कर एक मिसाल कायम की थी। जिसके बाद शहर जयपुर व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में यह चलन आम हो चला, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार 10 फरवरी को जयपुर के आदर्श नगर क्षेत्र में मस्जिद ए हमजा में मरहूम हाजी सलीमुद्दीन मेंबर के पोते एडवोकेट मोहम्मद सुआले कुरैशी तथा मरहूम हाजी कबीरूद्दीन की पोती आलिमा आयशा बानो का निकाह शरई तरीके से हुआ। निकाह की रस्म मुफ्ती ए जयपुर शहर मुफ्ती अमजद अली ने अदा करवाई। मस्जिद में निकाह के बाद तमाम मेहमानों को खजूर व शरबत पेश कर मेहमान नवाजी की गई। दूल्हे के पिता हाजी नईमुद्दीन व दुल्हन के पिता हाजी मोहम्मद इकबाल ने तमाम मेहमानों का तहे दिल से इस्तकबाल किया तथा सभी से आग्रह किया कि वे शादियों में फिजूल खर्ची पर पाबंदी लगाएं तथा बच्चों की तालीम पर खर्च करें।

**वरिष्ठ जनों से पहल का किया आग्रह**

वहीं दूल्हे एडवोकेट मोहम्मद सुआले कुरैशी के भाई मंजूर इलाही तथा दुल्हन आयशा बानो के भाई एवं वरिष्ठ युवा कांग्रेस नेता असरार अहमद कुरैशी ने कहा कि समाज में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों के कारण बहुत सारी बच्चियों की शादी समय पर नहीं होने के कारण उनके घर वाले बड़े परेशान रहते हैं तथा कर्ज लेकर शादियां करते हैं, जो कि जीवन भर कर्ज के बोझ से दबे रहते हैं। समाज के वरिष्ठ जनों को चाहिए कि वे आगे आकर ऐसी पहल करें और फिजूल खर्ची पर पाबंदी लगाते हुए बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें तथा शादियों में शरई तरीका अपनाते हुए नो दहेज, नो गार्डन, नो डिनर की नीति पर कार्य करें।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनावी नतीजे



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में बीजेपी और आम आदमी पार्टी (AAP) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बीजेपी ने जहां 48 सीटों पर जीत हासिल की, वहीं आम आदमी पार्टी ने 22 सीटों पर अपनी जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य 11 विधानसभा सीटों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

इन 11 मुस्लिम बहुल सीटों में से 8 पर आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की, जबकि 3 सीटों पर बीजेपी ने धावा बोला। इस बार सिर्फ 4 मुस्लिम विधायक ही जीतकर विधानसभा पहुंचे, जबकि 2020 के चुनाव में 5 मुस्लिम विधायक चुने गए थे।

सीलमपुर: आम आदमी पार्टी के चौधरी जुबैर अहमद ने 42,477 वोटों से जीत दर्ज की।

ओखला: आम आदमी पार्टी के अमानतुल्लाह खान ने 36,295 वोटों से जीत हासिल की।

बल्लीमारान: आम आदमी पार्टी के इमरान हुसैन ने 29,823 वोटों के अंतर से बीजेपी के कमल बागड़ी को हराया।

मटिया महल: आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद इकबाल ने 42,724 वोटों से जीत दर्ज की।

मुस्तफाबाद: बीजेपी के मोहन सिंह बिष्ट ने 17,578 वोटों से जीत हासिल की।

**मुस्लिम उम्मीदवारों की स्थिति:**

आप के मुस्लिम उम्मीदवार: आप ने इस चुनाव में 5 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था, जिनमें से 4 उम्मीदवार जीत गए। मटिया महल, बल्लीमारान, ओखला, और सीलमपुर से आप के मुस्लिम उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

कांग्रेस: कांग्रेस ने 7 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था, लेकिन सभी हार गए। इनमें से बल्लीमारान से हारुन यूसुफ, मुस्तफाबाद से अली मेहदी, और ओखला से अरीबा खान प्रमुख थे।

एआईएमआईएम: असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने 2 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, लेकिन वे दोनों हार गए। ताहिर हुसैन (मुस्तफाबाद) और शिफा उर रहमान (ओखला) को हार का सामना करना पड़ा।

बीजेपी का रुख: इस बार बीजेपी ने मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया, और बीजेपी की पूरी ताकत अन्य पार्टी उम्मीदवारों को हराने में लगी रही।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में मुस्लिम बहुल सीटों पर आम आदमी पार्टी का दबदबा बना रहा, हालांकि बीजेपी ने मुस्तफाबाद जैसी महत्वपूर्ण सीट पर विजय प्राप्त की। इस चुनावी परिणाम ने यह भी दर्शाया कि दिल्ली में मुस्लिम मतदाता अब एक निर्णायक शक्ति बनकर उभरे हैं, जो आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के लंच में बीफ बिरयानी मामले में दो छात्रों और प्रोवोस्ट पर मुकदमा



अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सर सुलेमान हॉल में लंच में बीफ बिरयानी को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए नोटिस का पुलिस ने संज्ञान लिया है। इस मामले में हॉल के दो छात्रों व प्रोवोस्ट के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया हैं। पुलिस ने 10 फरवरी को इस मामले में दो स्टूडेंट्स और यूनिवर्सिटी के एक चीफ प्रोवोस्ट सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिविल लाइंस थाने में मोहम्मद फैयाजुल्लाह और मुजस्सिम अहमद, दोनों छात्रों और सर शाह सुलेमान हॉल के प्रोवोस्ट एफ आर गौहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जहां नोटिस लगाया गया था। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302 (जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द आदि बोलना), 270 (सार्वजनिक उपद्रव) और 353 (सार्वजनिक शरारत) लगाई गई है।

इस मामले में करणी सेना द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने की बात कहते हुए, सर्किल ऑफिसर अभय पांडे ने कहा, "हमने मामले को गंभीरता से लिया है और जांच शुरू कर दी है।" करणी सेना की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर एक संदेश वायरल हुआ है जिसमें कहा गया है कि सुलेमान हॉल में 'बीफ पार्टी' आयोजित की गई थी जिसमें एएमयू के शिक्षक और छात्र दोनों शामिल थे। उन्होंने दावा किया कि इस कृत्य ने एएमयू में हिंदू छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि करणी सेना सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है और उन्हें विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जाना चाहिए। सुलेमान हॉल के दो 'अधिकृत' व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर जारी किए गए नोटिस में कहा गया है, "रविवार के दोपहर के भोजन के मेनू में बदलाव किया गया है और मांग के मुताबिक चिकन बिरयानी के बजाय बीफ बिरयानी परोसी जाएगी।"

**एएमयू प्रशासन ने दी सफाई**

नोटिस पर हंगामा मचने के बाद एएमयू प्रशासन ने रविवार को स्पष्ट किया कि इसमें "टाइपिंग की गलती" है और आश्वासन दिया कि जिम्मेदार लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

एएमयू के जनसंपर्क विभाग की सदस्य विभा शर्मा ने कहा, "मामला हमारे संज्ञान में लाया गया था। हमने पाया कि नोटिस खाने के मेन्यू के बारे में था। हालांकि, इसमें स्पष्ट टाइपिंग त्रुटि थी। नोटिस को तुरंत वापस ले लिया गया क्योंकि इसमें कोई आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं थे, जिससे इसकी प्रामाणिकता पर संदेह पैदा हुआ।" उन्होंने कहा, "हमारे प्रोवोस्ट ने (नोटिस जारी करने के लिए) जिम्मेदार दो वरिष्ठ छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हम विश्वविद्यालय के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं।"

# बीएनएचएस टीम आरएएस अधिकारी हाकम खान से मिली



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बीएनएचएस टीम पिछले दिनों आरएएस अधिकारी हाकम खान से उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में आकर मिली और उनके फलोदी में एडीएम रहते क्रेन पक्षियों के संरक्षण में दिए योगदान की प्रशंसा की और सम्मानित किया। बीएनएचएस प्रकृति के संरक्षण के लिए विश्व में काम करती है। बीएनएचएस दुर्बल पक्षियों, जानवरों एवं पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए अभियान चलाती है।
















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com